# टीएनएफ टुडे

TNF TODAY

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition


बेलनगंज में भरभराकर गिरा दो मंजिला मकान... (पेज-3)

पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-41 | मूल्य ₹7 | रविवार | दिनांक- 09.08.2026

## विश्वगुरु बनना है तो हाशिए के लोगों को मुख्यधारा में लाना होगा: भागवत

एजेंसी, बुलढाणा।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि देश को सही मायने में 'विश्वगुरु' बनाने के लिए समाज के हाशिए पर रह रहे लोगों को मुख्यधारा में लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने से ही देश आगे बढ़ सकता है। भागवत महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के खामगांव में पारधी समुदाय के आवासीय विद्यालय में तीन खेल मैदानों के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस समुदाय को आज विमुक्त या 'भटके-विमुक्त' कहा जाता है, वह कभी ज्ञान देने वाला समुदाय हुआ करता था।

### 'ज्ञान बांटने के लिए निकलते थे, लेकिन हाशिए पर चले गए'

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि इस समुदाय के लोग निस्वार्थ भाव से अपना ज्ञान बांटने के लिए बाहर निकलते थे, लेकिन समय के साथ वे समाज के हाशिए पर चले गए। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के कारण पूरे पारधी समुदाय को 'क्रिमिनल ट्राइब' यानी अपराधी जनजाति के रूप में चिन्हित कर दिया गया।



### 'विदेशी आक्रमणकारियों ने समाज को बांट दिया'

मोहन भागवत ने कहा कि एक समय भारतीय समाज पूरी तरह संगठित था, लेकिन विदेशी आक्रमणकारियों की गुलामी के कारण समाज में बिखराव पैदा हुआ। उन्होंने कहा, 'इसके परिणामस्वरूप समाज में हाशिए पर रहने वाले समूहों की संख्या बढ़ती गई। इसके बावजूद इन समुदायों ने कभी अधीनता स्वीकार नहीं की और वे आजादी के लिए संघर्ष करते रहे।'

## आगरा में 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0' शुरू, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

### पात्र दिव्यांगजनों को निजी क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने का सुनहरा मौका

- राजकीय आईटीआई बल्केश्वर में 10 अगस्त तक चलेगा विशेष रोजगार अभियान
- दिव्यांग युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने पर है योगी सरकार का विशेष जोर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

योगी सरकार प्रदेश के हर वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बल्केश्वर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में एक विशेष 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0' का आयोजन किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से आयोजित यह महत्वपूर्ण दिव्यांगजन रोजगार अभियान 10 अगस्त 2026 तक चलेगा।

### दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बना रही योगी सरकार

योगी सरकार का मुख्य लक्ष्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर दिव्यांग युवाओं को एक सम्मानजनक जीवन देना और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना है। 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0' के जरिए ऐसे युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार निजी कंपनियों में रोजगार और खुद का काम (स्वरोजगार) शुरू करने के सुनहरे मौके दिए जा रहे हैं।

इसके अलावा उन्हें सरकार की कई अन्य कल्याणकारी योजनाओं से भी सीधा जोड़ा जा रहा है, ताकि वे अपनी प्रतिभा से आगे बढ़ सकें और आर्थिक रूप से मजबूत हों।

इस अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक मान सिंह भारती ने बताया कि इस विशेष रोजगार अभियान में 18 से 45 वर्ष तक के सभी पात्र दिव्यांग युवा हिस्सा ले सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थियों को 10 अगस्त 2026 तक अपने सभी जरूरी दस्तावेजों (मार्कशीट, सर्टिफिकेट, दिव्यांगता प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र आदि) के साथ राजकीय आईटीआई, बल्केश्वर में आना होगा। यहां उनके हुनर और योग्यता के हिसाब से उन्हें रोजगार के बेहतरीन अवसर दिए जाएंगे।

जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने सभी पात्र दिव्यांग युवाओं से अपील की है कि वे इस विशेष रोजगार मेले में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें। प्रदेश सरकार की साफ मंशा है कि कोई भी हुनरमंद युवा सिर्फ अवसरों की कमी की वजह से पीछे न छूटे। यह अभियान निश्चित रूप से दिव्यांगजनों के जीवन में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव लाएगा और उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का अहम हिस्सा बनाएगा।

## शिवपाल ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना, बोले- 2027 में सपा की सरकार बनाएंगे

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव शनिवार को मैनपुरी पहुंचे। उन्होंने समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष वोट सिंह यादव के पिता के आकस्मिक निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शिवपाल यादव ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट ए.एच. हाशमी के मैनपुरी स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने हाशमी की माता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को सांत्वना दी।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लव जिहाद और पेपर लीक जैसे मामलों पर सख्त कानून होना चाहिए। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए हैं, लेकिन उन मामलों में भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने विधानसभा सत्र को लेकर कहा कि भाजपा सरकार विधानसभा सत्र नहीं चलाना चाहती। बजट सत्र 40 दिन चलना चाहिए था, लेकिन इसे केवल नौ दिन चलाया गया। उन्होंने



आरोप लगाया कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ऊपर से लेकर नीचे तक भाजपा के लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। नए एक्सप्रेसवे को लेकर भी उन्होंने सरकार पर हमला बोला। शिवपाल यादव ने कहा कि नया एक्सप्रेसवे बनने के 15 दिन भी नहीं हुए और वह धंस गया। उसे पंखे से सुखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के कार्यकाल में बनाया गया आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे आज भी चल रहा है, जबकि नया एक्सप्रेसवे 15 दिन भी नहीं चल पाया। यह सब भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में छात्रों और नौजवानों ने सरकार के अहंकार को खत्म कर दिया है। उत्तर प्रदेश में भी छात्र और नौजवान तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं। बिजली, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। तहसील और थानों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है।

### प्रयागराज में बोले राहुल गांधी

# '1000 युवाओं में सिर्फ 12 को परमानेंट नौकरी'

एजेंसी, प्रयागराज।

प्रयागराज में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि एक ऐसा समय था जब इलाहाबाद देश का सबसे अच्छा यूनिवर्सिटी था। उन्होंने कहा, 'आज शाम मैं आपसे दर्द, डेटा और दौलत पर बात करने आया हूं। हिंदुस्तान के पास दुनिया का सबसे बड़ा यूथ पावर है। ये देश की स्ट्रेंथ है। अमेरिका की बात होती है, रूस और चीन की बात होती है। इंडिया के यूथ के आगे ये सब कुछ नहीं है।' उन्होंने कहा कि देश में एक हजार युवाओं में से सिर्फ 12 को परमानेंट नौकरी मिलती है।

### हिंदुस्तान में रोजगार के सारे रास्ते बंद: राहुल गांधी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, 'समस्या ये है कि छात्र पढ़ाई करते हैं, पैसा खर्च करते हैं, लेकिन हिंदुस्तान में रोजगार के सारे रास्ते बंद किए हुए हैं। आज दुनिया में आपके मेड इन चाइना, मेड इन बांग्लादेश दिखेगा, लेकिन मेड इन इंडिया नहीं दिखेगा। इसकी वजह नोटबंदी और जीएसटी को लागू करना है। इससे व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ है। सरकारी नौकरी का पेपरलीक हो जाता है। 150 युवाओं में से सिर्फ 1 को नौकरी मिलती है।' लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'आप भारत की ताकत हैं, भारत का गौरव हैं और देश की शक्ति हैं और जब मैं कहता हूं कि आप भारत की ताकत हैं, तो मैं सिर्फ इस भीड़ की बात नहीं कर रहा हूं। मैं भारत के हर नागरिक और हर युवा की बात कर रहा हूं। 40 करोड़ ऊर्जावान युवा भारत की सबसे बड़ी ताकत। अमेरिका, चीन और रूस कोई भी भारत के युवाओं की संभावना का मुकाबला नहीं कर सकता।'



### डेटा के बिना AI का कोई मतलब नहीं: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के पास युवा है और सबसे अधिक डेटा युवाओं के पास है, आपके डेटा के बिना एआई का कोई मतलब नहीं। उन्होंने कहा, 'इंजीनियरिंग, मेडिकल की पढ़ाई के लिए आपसे पैसा लिया जाता है लेकिन इनके सर्टिफिकेट का कोई मतलब नहीं क्योंकि ये सर्टिफिकेट आपको रोजगार नहीं देता। मीडिया में हर जगह अककी चर्चा हो रही है और हर कोई इसके बारे में बात कर रहा है, लेकिन मैं एक बात बिल्कुल साफ करना चाहता हूं और आपको यह समझना चाहिए कि आपके डेटा के बिना अकका कोई मतलब नहीं है। एआई आपके डेटा के आधार पर ही बना है।'

### राहुल ने कार्यक्रम में 3 तस्वीरें दिखाईं, मायने बताए

**1. जितनी रील देखना है, देखो**

राहुल ने कहा कि सिस्टम ने युवाओं को चक्रव्यूह में फंसा दिया है। लाखों-करोड़ों की फीस के बाद एक सर्टिफिकेट मिलता है, जिसकी आज कोई वैल्यू नहीं है। क्योंकि यह सर्टिफिकेट रोजगार नहीं देता है। युवाओं से कहा जाता है कि आपको जितनी रील बनाना है, बनाओ। जितनी रील देखना है, देखो। ब्लिंकइट, उबर में काम करो। मजदूरी करो। 21वीं सदी का नशा लो, लेकिन नौकरी नहीं मिल सकती है।

**2. युवाओं के लिए 5 दरवाजे थे, सारे बंद**


राहुल ने कहा कि युवाओं के लिए पांच दरवाजे थे, वो सारे बंद कर दिए गए हैं।
**पहला:** दुनिया में आज मेड इन चाइना, मेड इन वियतनाम, मेड इन बांग्लादेश मिलेगा, लेकिन मेड इन इंडिया नहीं मिलेगा। क्योंकि नोटबंदी और गलत ऋळ ने मैन्यूफैक्चरिंग सिस्टम को खत्म कर दिया है।
**दूसरा:** स्टार्टअप इंडिया कहां चला गया। हिंदुस्तान के बैंक आपको एक रुपया नही देंगे, अंबानी-अडाणी को लाखों करोड रुपए देंगे। छोटे व्यापारियों को बैंक लोन नहीं मिलता।
**तीसरा:** सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले 150 कैंडिडेंट्स में से सिर्फ 1 युवा को सरकारी नौकरी मिलती है।
**चौथा:** पब्लिक सेक्टर को प्राइवेट करने से नौकरी खत्म हो गईं। 2014 से पहले जिन पब्लिक सेक्टर में 14 लाख जॉब थी, 2026 में सिर्फ 7 लाख बचीं।
**पांचवा:** कॉर्पोरेट जॉब में अककी वजह से नौकरी खत्म हो गई हैं।

**3. पूजीपतियों की दौलत 30 गुना बढ़ी**

गौतम अडाणी की दौलत 10 साल में 30 गुना तक बढ़ गई है। भाजपा की दौलत 150 करोड़ से बढ़कर 10,000 करोड़ रुपए हो गई है। इसके अलावा हर संस्था में फ्रर के प्रचारक रखे जा रहे हैं, ताकि सोच को कंट्रोल किया जा सके। जैसे-यूनिवर्सिटी, मीडिया, ज्यूडिशरी और फोर्सेज में।

### दिल्ली-आईआईटी में मोदी बोले- सिर्फ सवाल मत पूछिए,समाधान भी खोजें

## अगले 35 साल आप जो करेंगे, वह विकसित भारत का आधार होगा: पीएम



एजेंसी, नई दिल्ली।

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को कई सीख दीं। उन्होंने कहा, 'हर पीढ़ी की अपनी चुनौतियां और जिम्मेदारियां होती हैं। इस पीढ़ी के लिए आने वाला समय और बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसलिए यह समझें कि अगले 35 साल में आपका काम विकसित भारत का आधार होगा।'

### क्या बोले पीएम

- पीएम ने छात्रों की मनोदशा पर हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'मैं बाबा बागेश्वर नहीं हूं, लेकिन कुछ तो आपके मन में चलता होगा।' इसके बाद सभी लोग हंसने लगे।
- हर स्टूडेंट आने वाले कल के लिए कोई न कोई सपना देख रहा होगा। कोई अपनी पहली सैलरी का इंतजार कर रहा होगा, कोई स्टार्टअप शुरू करने का सपना देख रहा होगा, तो कोई नई प्रतियोगिता की तैयारी कर रहा होगा। सभी के अपने सपने हैं।
- छात्र ऐसे समय में संस्थान से निकल रहे हैं, जब दुनिया तेजी से बदल रही है। शिक्षा और वैश्विक शक्ति संतुलन में लगातार बदलाव हो रहा है। टेक्नोलॉजी की रफ्तार इतनी तेज है कि यह कहना मुश्किल है कि अगले 20-30 साल में दुनिया कैसी होगी।
- जब भी बदलाव आता है, उसके साथ चुनौतियां और अवसर दोनों आते हैं। इंडस्ट्री और प्रोफेशन का स्वरूप बदलता रहेगा। इसलिए खुद को तैयार रखें, हर चुनौती का सामना करें।

### पीएम ने 'परम प्रज्ञा' सुपर-कंप्यूटर का उद्घाटन किया

पीएम ने छात्रों को डिग्री दी और मेडल पहनाए। दीक्षांत समारोह में 3,000 से ज्यादा छात्र शामिल हुए। इनमें पीएचडी कर रहे 587 स्टूडेंट भी शामिल हैं। मोदी ने आईआईटी दिल्ली के सोनीपत कैंपस में स्थापित 'परम प्रज्ञा'नामक अकबेस्ड हाई-परफॉर्मेंस सुपरकंप्यूटर का रिमोट से उद्घाटन किया। इस सुपरकंप्यूटर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, एडवांस्ड कंप्यूटिंग और रिसर्च में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, ''मैंने आईआईटी के कई पूर्व छात्रों की सफलता देखी है। उन्होंने ऐसी समस्याओं को पहचाना, जिन पर किसी ने ध्यान नहीं दिया था। इसलिए हमेशा सीखते रहें, सिर्फ सवाल न पूछें और उनके समाधान भी खोजें।''

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद में मध्यस्ता बेनतीजा, 18 अगस्त को फिर होगी अहम चर्चा

टीएनएफ टुडे,

उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर दोनों पक्षों के बीच स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को हुई वार्ता बेनतीजा रही। अधिवक्ताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिवक्ताओं के अनुसार, दोनों पक्षों ने विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसी एक्ट) की



अदालत में अपनी-अपनी दलीलें रखीं हालांकि, किसी सहमति पर नहीं पहुंचा जा सका। अब दोनों पक्षों के बीच 18 अगस्त को फिर वार्ता होगी। उन्होंने बताया कि अगर इस बार भी कोई सकारात्मक समाधान नहीं निकलता है तो मामले में उच्चतम न्यायालय से ही निर्णय की उम्मीद होगी।अधिवक्ताओं ने बताया कि इन मामलों को सुलह के माध्यम से हल करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दोनों पक्षों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जरिये आपसी वार्ता कर समाधान निकालने का निर्देश दिया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) की अदालत में चार जुलाई को हिंदू पक्ष ने मुस्लिम पक्ष को उक्त भूमि से ईदगाह हटाकर किसी अन्य स्थान पर निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया था हालांकि, मुस्लिम पक्ष का कोई प्रतिनिधि वहां नहीं पहुंचा था। इसके बाद शुक्रवार को फिर वार्ता की तारीख तय की गई थी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार भी उनकी ओर से मुस्लिम पक्ष को अन्यत्र भूमि उपलब्ध कराने और विवादित भूमि मंदिर न्यास को सौंपने का सुझाव दिया गया।

## एसआरएन अस्पताल का नाम बदलने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी

### 9 अगस्त काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर मलाका जेल पहुंचकर अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करने की अपील

टीएनएफ टुडे, प्रयागराज।

काकोरी केस के महानायक अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान स्थल को राष्ट्रीय गौरव दिलाने और स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) का नाम उनके नाम पर किए जाने की मांग को लेकर महुआ डाबर संग्रहालय के नेतृत्व में एसआरएन अस्पताल परिसर में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा।

धरना स्थल पर दिनभर बड़ी संख्या में छात्र-युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक पहुंचे तथा आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान लोगों ने अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और अस्पताल का नाम उनके नाम पर किए जाने की मांग के समर्थन में




नारे लगाए।

धरने में वक्ताओं ने कहा कि देश आजादी का अमृत काल मना रहा है और वर्ष 2026 ऐतिहासिक काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी का वर्ष है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर काकोरी केस के महानायक ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान स्थल और उनकी विरासत को राष्ट्रीय सम्मान मिलना चाहिए।

धरने को संबोधित करते हुए महुआ डाबर संग्रहालय के महानिदेशक एवं क्रांतिकारी-शहीद वंशज डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए महान क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह का बलिदान प्रयागराज की मलाका जेल में हुआ था। उस दौर में मलाका जेल को संयुक्त प्रांत की कुख्यात जेलों में गिना जाता था। उन्होंने कहा कि आज उसी ऐतिहासिक बलिदान स्थल पर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय स्थापित है, लेकिन इस स्थान से जुड़ी क्रांतिकारी विरासत की पहचान धीरे-धीरे धूमिल होती जा रही है।

डॉ. राना ने कहा कि महुआ डाबर संग्रहालय की स्पष्ट मांग है कि एसआरएन अस्पताल का नाम तत्काल अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह के नाम पर किया जाए। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी के वर्ष में भी यदि क्रांतिकारियों के सम्मान और उनकी स्मृतियों के संरक्षण को लेकर सरकारें गंभीर कदम नहीं उठाती हैं तो स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों के प्रति की जाने वाली श्रद्धांजलि महज औपचारिकता बनकर रह जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष कर देश की आजादी का मार्ग प्रशस्त किया, आज उनकी स्मृतियों और विरासत को सम्मान दिलाने के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता दुबे ने कहा कि अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह के पवित्र बलिदान स्थल का संरक्षण और उसकी ऐतिहासिक पहचान को कायम रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि महान क्रांतिकारी की विरासत और धरोहर को संरक्षित करने का यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक उन्हें उनके योगदान के अनुरूप गौरवशाली सम्मान नहीं मिल जाता।

## डॉ. ओमप्रकाश को कर्नाटक के आदिकवि श्री महर्षि वाल्मीकि विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह की विशेषज्ञ समिति में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**आगरा।** शैक्षणिक उत्कृष्टता, परीक्षा व्यवस्था एवं विश्वविद्यालयीय प्रशासन के क्षेत्र में अपनी दीर्घ अनुभवी कार्यकुशलता और विशेषज्ञता से विशिष्ट पहचान बनाने वाले डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश को कर्नाटक के माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा आदिकवि श्री महर्षि वाल्मीकि विश्वविद्यालय, रायचूर, कर्नाटक के प्रथम वार्षिक दीक्षांत समारोह की विशेषज्ञ परीक्षण समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। किसी नवस्थापित विश्वविद्यालय के प्रथम वार्षिक दीक्षांत समारोह जैसे महत्वपूर्ण अकादमिक आयोजन की विशेषज्ञ परीक्षण समिति में डॉ. ओमप्रकाश का चयन उनके दीर्घ प्रशासनिक अनुभव, कार्यकुशलता, निष्पक्ष दृष्टिकोण तथा शैक्षणिक प्रशासन के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता पर व्यक्त किए गए विश्वास का परिचायक है। उनके साथ डॉ. प्रकाश सी. बार्टुनिया, पूर्व कुलपति, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय को भी समिति का सदस्य नामित किया गया है।

डॉ. ओमप्रकाश वर्तमान में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में परीक्षा नियंत्रक के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। परीक्षा संचालन, मूल्यांकन प्रक्रिया, परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं तथा विश्वविद्यालयीय प्रशासन में उनके व्यापक अनुभव को देखते हुए उन्हें प्रदान की गई यह जिम्मेदारी न केवल उनके लिए व्यक्तिगत अकादमिक सम्मान है, बल्कि आगरा के शैक्षणिक जगत के लिए भी गौरव का विषय है। दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। यह वह अवसर है जब विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत और साधना उपलब्धि का रूप लेती है तथा विश्वविद्यालय ज्ञान, संस्कार और मूल्यों की अपनी परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाता है। ऐसे गरिमामय आयोजन की विशेषज्ञ परीक्षण समिति में डॉ. ओमप्रकाश की सहभागिता उनके अनुभव, व्यक्तित्व और कार्यक्षमता को प्राप्त अकादमिक सम्मान को रेखांकित करती है।

# एआई को जन-जन तक पहुंचाना होगा: जितिन प्रसाद

टीएनएफ टुडे, आगरा।




केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आने वाले समय में दुनिया की ताकत केवल हथियारों से तय नहीं होगी, बल्कि उन देशों की शक्ति अधिक होगी, जिनके पास अपने एआई मॉडल, अत्याधुनिक तकनीक और साइबर-कुशल युवा होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शनिवार को होटल जेपी पैलेस एवं कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जितिन प्रसाद ने कहा कि एआई को केवल कुछ लोगों या संस्थानों तक सीमित रखने से इसका पूरा लाभ नहीं मिल सकता। इसे ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों तक हर हाथ में पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं और स्टार्टअप्स को एआई तकनीक के लिए आवश्यक सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने लोगों से भारतीय एआई मॉडल एवं सॉफ्टवेयर को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि देश में विकसित तकनीकों के उपयोग से डेटा की सुरक्षा और डेटा की संप्रभुता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी एआई क्षमता को मजबूत करते हुए स्वदेशी एआई इकोसिस्टम विकसित करना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, डीसीएफएलआई एवं सीसीएलए के चेयरमैन पूरन डावर, डॉ. एमपीएस ग्रुप के चेयरमैन स्क्वाड्रन लीडर ए.के. सिंह, शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रो वाइस चेयरमैन वाई के गुप्ता, सीसीएलए के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेश गर्ग, एफमेक अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, ओएनजीसी के निदेशक सत्यन कुमार, रोमसंस ग्रुप के एमडी किशोर खन्ना, प्रील्यूड पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता, नेशनल चेंबर के अध्यक्ष मनोज कुमार बंसल आदि मौजूद रहे।

**उत्तर प्रदेश बना विकास का ग्रोथ इंजन**

जितिन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज देश के ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के माध्यम से दुनिया के अनेक बाजार भारतीय कारोबारियों के लिए खुल रहे हैं। भारत के पास बड़ी युवा आबादी, विशाल बाजार और कुशल मानव संसाधन की ताकत है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को भारत को केवल एक बाजार के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि भारत में साझेदार बनकर काम करना चाहिए।

### 75 निशानेबाजों ने दिखाया दमखम

# भारत में पहली बार हंटर फील्ड टारगेट शूटिंग चैंपियनशिप शुरू

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भारत में पहली बार आयोजित प्रथम आरएबीएसएआई ओपन नेशनल हंटर फील्ड टारगेट (एचएफटी) शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ शुक्रवार को आगरा पब्लिक स्कूल, अरतौनी में हुआ। दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 75 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन के साथ आगरा में शूटिंग खेल के एक नए स्वरूप को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रतियोगिता का आयोजन रिमफायर एंड एयर राइफल्स बेंचरेस्ट शूटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ट्रस्ट (आरएबीएसएआई) की ओर से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, कर्नाटक, दिल्ली और हरियाणा सहित कई राज्यों के निशानेबाज इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं।

आरएबीएसएआई के चेयरमैन रजत विज और अध्यक्ष हिना विज ने बताया कि हंटर फील्ड टारगेट शूटिंग में निशानेबाज को लक्ष्य की वास्तविक दूरी पहले से ज्ञात नहीं होती। खिलाड़ी परिस्थितियों का आकलन कर अपने अनुभव, एकाग्रता और तकनीकी कौशल के आधार पर लक्ष्य भेदते हैं। प्रतियोगिता में .177 कैलिबर एयर राइफल का इस्तेमाल किया जाता है। निशानेबाज खड़े होकर, घुटनों के बल या लेटकर बिना सहारे के निशाना लगाते हैं।

प्रतियोगिता में वर्ल्ड हंटर फील्ड टारगेट ऑर्गेनाइजेशन (डब्लूएचएफटीओ) के अध्यक्ष जैकब विचर (चेक गणराज्य) विशेष रूप से मौजूद हैं। वह रेंज ऑफिसर की भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संचालित करा रहे हैं। उद्घाटन आगरा पब्लिक स्कूल ग्रुप के अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर कैसर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के भवतेज सिंह भी मौजूद रहे। जेएसबी मैच डायबोलो, चेक गणराज्य आधिकारिक पैलेट पार्टनर तथा कैसर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड आधिकारिक उपकरण सहयोगी है।

शनिवार को विभिन्न मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निशानेबाजों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में फील्ड मास्टर मधुकर यादव, वालंटियर पीयूष यादव सहित आयोजन टीम ने व्यवस्थाएं संभालीं।

# बोलने का समय न देने पर भड़के विधायक छोटेलाल

### संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा कर रही कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



भाजपा की समरसता यात्रा के दौरान मंच पर बोलने का मौका न मिलने को लेकर फतेहाबाद से भाजपा विधायक छोटेलाल वर्मा मंच पर ही भड़क गए। उनके गुस्से का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

भाजपा द्वारा संत रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में समरसता यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा के फतेहाबाद देहात मंडल में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार की शाम को ग्राम पंचायत बिहारी के गांव दखलीपुरा में कार्यक्रम चल रहा था। वहीं समय के अभाव में मंच से कार्यक्रम के संयोजक उमाशंकर माहौर को बोलने का मौका दिया गया। बाकी लोगों का वक्तव्य समय के अभाव में नहीं हुआ। इसी दौरान कार्यक्रम में पूजन को लेकर मंच पर बैठे पदाधिकारी उठ खड़े हुए। इसके बाद विधायक छोटेलाल वर्मा भड़क गए। उन्होंने मंडल अध्यक्ष देहात योगेश चौहान को जमकर खरी-खोटी सुनाई। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। अब पूरे घटनाक्रम का 38 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें विधायक छोटेलाल वर्मा कहते नजर आ रहे हैं कि जब मुझे बोलने का मौका नहीं दिया जाता है तो बुलाया ही क्यों। जिसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

वहीं, इस संबंध में मंडल अध्यक्ष योगेश चौहान ने बताया कि शनिवार को रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में देहात मंडल में 4 कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे अंतिम कार्यक्रम ग्राम दखलीपुरा में चल रहा था। इसी दौरान समय के अभाव में मंच से कार्यक्रम के संयोजक उमाशंकर माहौर को बोलने का मौका मिला। बाकी लोगों का वक्तव्य नहीं हुआ। इसी के चलते विधायक छोटेलाल वर्मा को बोलने का मौका नहीं मिल पाया। उधर, विधायक छोटेलाल वर्मा ने बताया कि हमने कहा कि हमें कार्यक्रम में बुलाया जाता है तो बोलने का मौका भी दिया करो।

## थाना दिवस में पहुंचे फरियादी, सुनी गईं जनसमस्याएं

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।

ब्लॉक क्षेत्र के थाना बसई अरेला, पिनाहट, पिढ़ौरा और मंसुखपुरा परिसरों में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के ग्रामीण जमीन संबंधी विवाद, रास्ते, कब्जे और अन्य समस्याओं को लेकर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों के साथ राजस्व विभाग की टीम और लेखपालों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

अधिकारियों ने संबंधित मामलों की जानकारी लेकर मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने फरियादियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। थाना दिवस के दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# विद्यालय भवन भरभराकर गिरा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



तहसील क्षेत्र के गांव वेदपुरा, मीठपुरा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बादशाही मढ़ैया का जर्जर भवन शनिवार को बारिश के चलते भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि भवन गिरते समय उसके आसपास कोई मौजूद नहीं था। जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों के अनुसार भवन गिरने से करीब एक घंटे पहले गांव के बच्चे वहां खेल रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वेदपुरा गांव में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बादशाही मढ़ैया का भवन वर्ष 2006 में बनाया गया था। करीब चार वर्ष पहले भवन जर्जर होने के कारण शिक्षा विभाग ने इसे जर्जर घोषित कर दिया था। इसके बाद विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को करीब 100 मीटर दूर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय वेदपुरा में स्थानांतरित कर दिया गया था।

क्षेत्र में कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण शनिवार सुबह करीब 11 बजे जर्जर विद्यालय भवन का बरामदा व कमरों में कुछ भाग अचानक भरभराकर गिर गया। भवन गिरने की जानकारी पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि भवन गिरने से करीब एक घंटे पहले बच्चे वहां खेल रहे थे। समय रहते बच्चे वहां से चले गए, जिससे हादसा टल गया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पूनम लता ने बताया कि जर्जर भवन के कारण विद्यालय के 43 बच्चों को वेदपुरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पढ़ाया जा रहा है। एक कमरे में तीन कक्षाओं के बच्चों को सहायक अध्यापिका नीतू कुमारी के साथ पढ़ाना पड़ रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बादशाही मढ़ैया का जर्जर भवन गिरने के बाद ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। विद्यालय की बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण गांव के बच्चे जर्जर भवन के आसपास खेलते रहते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्यालय के बचे हुए जर्जर भवन को बुलडोजर से पूरी तरह ध्वस्त कराने की मांग की है, जिससे भविष्य में कोई हादसा न हो सके।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के आसपास कई लोगों के घर बने हुए हैं। जर्जर भवन का बचा हुआ हिस्सा कभी भी गिर सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मौके का निरीक्षण कर ठोस कदम उठाने की मांग की है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय भवन जर्जर घोषित होने के बाद बच्चों को दूसरे विद्यालय में पढ़ाया जा रहा है। वहां एक कमरे में तीन कक्षाओं के बच्चों को शिक्षिकाओं द्वारा पढ़ाया जा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से जल्द नए विद्यालय भवन का निर्माण कराने की मांग की है।

## यूपी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन करेगी आंदोलन

### आगरा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के खिलाफ ऐलान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

यूपी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन, आगरा ने क्षेत्रीय प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में निगम प्रबंधन द्वारा की जा रही मनमानी, कर्मचारियों के शोषण, उत्पीड़न और व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त रुख अख्तियार किया है। यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष पं. राम त्रिपाठी और महामंत्री तेज बहादुर शर्मा के अनुसार, आगरा क्षेत्र में निगम और जनहित की लगातार अनदेखी की जा रही है। जिससे संचालन का स्तर दिन-प्रतिदिन गिर रहा है। यूनियन ने आरोप लगाया है कि मुख्यालय के आदेशों की खुली अवहेलना हो रही है और प्रवर्तन कार्यों में लगे कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

**मुख्य आरोप और समस्याएं**

चेकिंग, बैगवाइज, डिपो कार्यालय और डीजल अनुभाग कथित रूप से 'सुविधा शुल्क' के अड्डे बन गए हैं।कुप्रबंधन के कारण 100 से अधिक बसें डिपो कार्यशालाओं में खड़ी रहती हैं, जिससे निगम को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। यूनियन पदाधिकारियों और सदस्यों का उत्पीड़न किया जा रहा है और अनुशासनात्मक मामलों व स्थानांतरणों में मनमानी की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि

पूर्व में हुए द्विपक्षीय वाताओं में बनी सहमति को तत्काल लागू किया जाए। चालकों और परिचालकों के आर्थिक शोषण को बंद किया जाए। इलेक्ट्रिक बसों के लिए स्थायी मार्ग और समय-सारणी तत्काल निर्धारित की जाए। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यदि 15 दिनों के भीतर प्रबंधन ने इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो यूनियन बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी।

## बालिकाओं को दी मिशन शक्ति की जानकारी

**जगनेर।** थाना पुलिस की एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गांव कछपुरा में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं- बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूक करते हुए उन्हें महिला संबंधी अपराधों से बचने की जानकारी दी गई। अपराध होने पर पुलिस सहायता के विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। महिला एंटी रोमियो प्रभारी महिला सिपाही राशिका, इशू ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 (वीमेन पावर हेल्पलाइन नंबर) 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर) 112 (पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर) 108 (एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर) 102 (गर्भवती महिलाओं एवं शिशु हेतु एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर ) 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर) 1930 (साइबर हेल्पलाइन नंबर) तथा महिला हेल्पडेक्स, महिला बीट पुलिस अधिकारी, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सैल एवं शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।

## सांसद और मंत्री के लापता होने के पोस्टर चस्पा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

सदर तहसील की ग्राम पंचायत कुडौंल के मजरा कछपुरा पर ग्रामीणों के द्वारा 1 अगस्त से धरना दिया जा रहा है। इसमें ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्रीय विधायक व मंत्री बेबीरानी मौर्य व क्षेत्रीय सांसद राजकुमार चाहर के बुलाने का प्रयास किया था। लेकिन दोनों ही धरना पर नहीं पहुंचे। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष बढ़ गया और उनके द्वारा धरनास्थल पर दोनों के लापता होने के पोस्टर चस्पा कर दिए गए।



कुण्डौल ग्राम पंचायत के मजरा कछपुरा पर पिछले 8 दिन से ग्रामीण महिला-पुरुषों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में हुई धांधली की जांच कराए जाने सहित उनकी प्रमुख मांगे हैं। गांव पोखरपुरा तालाब की स्थाई समस्या का समाधान किया जाए, डीपीएस स्कूल से देवेंद्र के घर तक आरसीसी सड़क निर्माण, हनुमान जी मंदिर से प्राइमरी स्कूल कछपुरा तक आरसीसी सड़क निर्माण, धर्म सिंह टेलर के घर से गंगाराम के घर तक आरसीसी सड़क, ग्राम सभा कुण्डौल के वर्तमान प्रधान रेशमा देवी पत्नी कोमल सिंह के द्वारा ग्राम सभा में कराए गए कार्यों एवं कार्यों के वव्य का विवरण व कार्य कराए जाने के लिए प्राप्त की गई रकम की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए तथा दोषी व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो। गांव पोखरपुरा को दो पानी की टंकी तथा कछपुरा को चार पानी की टंकी लगाई जाए जिससे ग्राम वासियों की समस्या का समाधान हो। वहीं ग्रामीणों के द्वारा इसको लेकर क्षेत्रीय सांसद व क्षेत्रीय मंत्री को कई बार लिखित में शिकायत की गई लेकिन उनके द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है और इसी के कारण उनके द्वारा दोनों के लापता होने के पोस्टर भी लगा दिए हैं।

## पत्रकार के घर में घुसकर हमला, चचेरी बहन घायल

टीएनएफ टुडे, बसई अरेला।

थाना बसई अरेला क्षेत्र के नयापुरा, कांकर खेड़ा निवासी पत्रकार अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर करीब 15 नामजद और 20 अज्ञात लोगों पर घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार घटना शनिवार को हुई।

अनिल कुमार का आरोप है कि बसई भदौरिया से आए आरोपी धारदार हथियारों से लैस होकर एक राय होकर उसके घर में घुस आए और उसके तथा परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी चचेरी बहन रूबी पर धारदार हथियार से हमला किया और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। गंभीर हालत में रूबी को उपचार के लिए आगरा ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी बताया गया है।तहरीर में आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने अनिल की छोटी बच्ची सारिका, पत्नी, दादी और चचेरे भाई राजकरन के साथ भी मारपीट की। हमले में परिवार के अन्य सदस्यों के घायल होने की बात भी कही गई है। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार होने का आरोप लगाया गया है।

**खबर को लेकर गलतफहमी का आरोप**

पत्रकार अनिल कुमार ने तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व एक समाचार पत्र में उनके गांव से संबंधित खबर प्रकाशित हुई थी। उनका दावा है कि उक्त खबर उन्होंने प्रकाशित नहीं कराई थी और न ही उनका उससे कोई संबंध था। इसके बावजूद आरोपियों ने शक के आधार पर उन्हें खबर से जोड़ लिया और गांव की बदनामी कराने का आरोप लगाया। इसी गलतफहमी और रंजिश के चलते हमला किए जाने का आरोप है। तहरीर में नामजद आरोपियों में हीरालाल पुत्र अंतराम, गुड्डू पुत्र मुन्नालाल, पप्पू पुत्र सुंदर सिंह, सुरेश पुत्र सुंदर सिंह, जसवंत पुत्र दोजीराम, घनश्याम पुत्र पूरन सिंह और सूरज पुत्र हाकिम सिंह निवासी आलमपुर के नाम शामिल हैं। इसके अलावा करीब 20 अज्ञात लोगों का भी उल्लेख किया गया है। पीड़ित ने पुलिस से नामजद एवं अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने, घटनास्थल की जांच कराने, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्य सुरक्षित कराने तथा घायल परिजनों का मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की है। परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है। पुलिस कार्रवाई और तहरीर में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी।

## सुरक्षा की ओर एक कदम, ट्रेन में यात्रा कर रही महिलाओं की हमसफर बन रही 'मेरी सहेली'

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के दिशा निर्देशन व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस. रामकृष्णन के निर्देशन में आगरा मंडल में आरपीएफ ने अप्रैल से जुलाई - 2026 तक यात्रा के दौरान महिला यात्रियों की सहायता के लिए ऑपरेशन ₹मेरी सहेली₹ शुरू किया गया है, इस ऑपरेशन के तहत आरपीएफ की टीमो द्वारा कुल 87,366 महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई है रेलवे प्रशासन इन दिनों ट्रेनों में अकेली यात्रा कर रही महिलाओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो और सुरक्षित उनको गंतव्य तक पहुंचने के लिए मेरी सहेली योजना चलाई जा रही है। यह योजना लंबी दूरी की ट्रेनों में लागू किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी संजय कुमार गौतम ने बताया कि मेरी सहेली ऑपरेशन के तहत अकेली महिला यात्रियों की यात्रा की पूरी जानकारी गाड़ी के प्रारंभ स्टेशन से ही अगले नामित स्टेशनों में रेलवे सुरक्षा बल की महिला बल को दी जाती है।

# कांवड़ियों के लिए चंबल घाट पर प्रशासन मुस्तैद

### घाट पर बनाई गई अस्थाई पुलिस चौकी, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।



सावन के दूसरे सोमवार के लिए चंबल नदी घाट होते हुए मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले कांवड़ियों के लिए शासन प्रशासन पुरजोर व्यवस्थाएं कर रही। स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर लाइट और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

चंबल? नदी पिनाहट से होकर मध्य प्रदेश की ओर शनिवार को सैकड़ों कांवड़िए सोरा जी से गंगा जी से कांवड सैकड़ों कि संख्या में मध्यप्रदेश की ओर निकले हैं। जिनको स्टीमर द्वारा सुरक्षित उस पार निकाला गया है। कांवड़ियों के लिए चंबल? नदी पिनाहट घाट पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाया गया है।?जहां हर समय स्वास्थ्य टीम तैनात रहकर कांवड़ियों का उपचार भी कर रही है।? दिन-रात लगातार हो रही बारिश के कारण घाट पर स्टीमर पहुंच मार्ग बुरी तरह दलदल में परिवर्तित हो चुका है । रात के समय कांवड़ियों को निकलने में परेशानी न हो इसलिए नगर पंचायत द्वारा बड़ी बड़ी लाइटें लगाकर प्रकाश की और पेयजल की व्यवस्था की गयी है।?वही थाना पिनाहट पुलिस ने घाट पर एक अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गयी है। प्रभारी निरीक्षक पिनाहट वी पी गिरि ने बताया कि कांवड़ियों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए अस्थाई चौकी बनाई गयी है।?जहां हर समय पुलिस बल तैनात हैं। कांवड़ियों को सुरक्षित पार उतारने में पुलिस निगरानी में ही स्टीमर चल रहा है।

### गंगाजल लेकर चंबल घाट से गुजर रहे कांवड़िये, महिलाओं ने भी उठाई कांवड़

**पिनाहट।** श्रावण माह में भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करने के लिए कांवड़िये गंगाजल लेकर चंबल घाट से होकर गुजर रहे हैं। शनिवार को चंबल घाट पर कांवड़ियों की भीड़ नजर आई। इनमें महिलाएं भी कांवड़ लेकर जाती हुई दिखाई दीं। चंबल नदी पार करने के लिए कांवड़ियों को मोटर बोट की मदद से सुरक्षित दूसरी ओर पहुंचाया गया। कांवड़िये गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। घाट पर कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए व्यवस्थाएं की गई हैं।

# सावन की मल्हारों पर झूमा नवज्योति का आंगन, बॉलीवुड थीम में बिखरे संस्कृति और संस्कारों के रंग

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भारत विकास परिषद नवज्योति शाखा द्वारा द रमाना ग्रांड में सावन की मल्हारों के बीच भव्य सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सावन के पारंपरिक झूलों के साथ बॉलीवुड थीम का आकर्षक संगम देखने को मिला। गीत-संगीत, नृत्य और उल्लास से सजे आयोजन में संस्कृति एवं संस्कारों को संजोने का संदेश दिया गया। मातृशक्ति ने पारंपरिक सावन की उमंग को आधुनिक बॉलीवुड अंदाज के साथ प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट वसंत गुप्ता, राष्ट्रीय अधिकारी भारत विकास परिषद, संस्थापक सतीश अग्रवाल ह्यगुड्डुन भाईह्ल, प्रदीप अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, डॉ. अमित सिंघल एवं गौरव बंसल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर सावन के पारंपरिक झूलों की विशेष व्यवस्था की गई थी। महिलाओं ने झूलों का आनंद लेते हुए सावन की मल्हारों और लोक परंपराओं को जीवंत किया। वहीं बॉलीवुड थीम पर आधारित प्रस्तुतियों ने आयोजन में आधुनिकता का रंग भर दिया। पूरे परिसर में गीत-संगीत, हंसी-ठिठोली और उत्साह का माहौल रहा।

शाखा अध्यक्ष सीए दीपिका मित्तल एवं सचिव नितिन अग्रवाल ने कहा कि सावन भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा उल्लास का पर्व है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य मनोरंजन के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, संस्कार और पारंपरिक पर्वों से जोड़ना है।

कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल एवं महिला सहभागिता मंजू गुप्ता ने कहा कि सावन उत्सव महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और एक-दूसरे के साथ आत्मीयता से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय के साथ आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए आनंद और उत्साह का अवसर बना।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ऋषिता सिंघल ने गणेश वंदना की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद श्वेता, नीतिका, शिवानी, रोमा, निधि, शिल्पी, रिचा, शिखा, मलिका एवं अंशिका ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। नवीन और दीया की युगल नृत्य प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

इसके अलावा निधि, मंजू, रौनक, अनुपमा, कल्पना, शिल्पी, पारुल, हर्षिता, तन्वी, खुशबू एवं अविका की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सावन उत्सव में चार चांद लगा दिए। प्रतिभागियों ने विभिन्न गीतों पर अपनी प्रस्तुतियों से सावन की मस्ती, उमंग और उल्लास को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, एडवोकेट अनुराग भटनागर, मोहित अग्रवाल, नीरज जैन एवं शेखर अग्रवाल सहित सीमा गोयल, शशि अग्रवाल, नीलू जैन, नीता अग्रवाल, डॉ. जूही सिंघल, निधि बंसल, निधि अग्रवाल, डॉ. कल्पना अग्रवाल, रौनक गुप्ता, सोनिया अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, सोनल भटनागर आदि उपस्थित रहे।

# बेलनगंज में भरभराकर गिरा दो मंजिला मकान

अत्यंत जर्रर और खंडहर में तब्दील हो चुका था भवन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

लगातार हो रही बारिश अब शहर की पुरानी और जर्जर इमारतों के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। पिछले करीब 72 घंटे से रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच दोपहर बाद पुराने आगरा के बेलनगंज क्षेत्र में वर्षों पुराना जर्जर दो मंजिला मकान भरभराकर ढह गया। मकान के नीचे दुकानें बनी हुई थीं। गनीमत रही कि जिस वक्त इमारत गिरी, वहां कोई मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया।



बताया जा रहा है कि यह मकान काफी समय से बंद पड़ा था और लंबे समय से जर्जर हालत में था। पिछले कई दिनों से मकान का कोई न कोई हिस्सा टूटकर गिर रहा था। लगातार बारिश के कारण इसकी हालत और कमजोर होती चली गई। दोपहर अचानक पूरा दो मंजिला मकान मलबे में तब्दील हो गया। जैसे ही जर्जर मकान भरभराकर गिरा, तेज आवाज से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अचानक मलबा गिरता देख आसपास मौजूद लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भाग निकले। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहत की बात यह रही कि मकान पहले से बंद था और हादसे के समय उसके अंदर किसी व्यक्ति के मौजूद होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेलनगंज, सुभाष बाजार और पुराने आगरा के कई इलाकों में बड़ी संख्या में पुराने और जर्जर भवन मौजूद हैं। इनमें से कई भवन लंबे समय से खाली पड़े हैं, लेकिन बारिश के मौसम में इनके अचानक गिरने का खतरा बना रहता है।बेलनगंज में मकान गिरने के बाद स्थानीय लोगों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। लोगों का कहना है कि शहर में कई ऐसी इमारतें हैं, जो बाहर से ही बेहद जर्जर नजर आती हैं। इसके बावजूद इन भवनों को लेकर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का आरोप है कि अगर जर्जर भवनों को चिह्नित कर समय रहते खाली कराया जाए और उनके मालिकों को नोटिस देकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, तो ऐसे हादसों को रोका जा सकता है।

## बारिश की सीलन से गिरे दो मकान

**पिनाहट।** बारिश की सीलन से दो अलग अलग स्थानों पर घर ढहा गये। इससे इन घरों के रहने वाले लोग बेघर हो गये है।

थाना मनसुखपुरा के गांव परजापुरा बरेंडा के बबलू सिंह का पुराना मकान बारिश की सीलन से शनिवार सुबह करीब दस बजे अचानक ढह गया। मकान के दोनों कमरे गिरने से मलबे दबकर घर का साया सामान भी बर्बाद हो गया है। वहीं कस्बा के मुहल्ला अहाता किला की रहने वाली शकुंतला देवी का मकान भी सीलन से ढह गया। सुनीता देवी ने बताया कि हर बार की बारिश में उसका मकान इसी तरह ढह जाता है। हर वर्ष नगर पंचायत प्रधान मंत्री आवास देने का भरोसा भी देते हैं। किन्तु आज तक मिला नहीं है। जिनके पक्के मकान बने हुए हैं। उनको आवास आसानी से मिल रहे हैं। उसके पास अब सिर ढकने को कहीं भी छत नहीं है।

# छात्रों ने रैली निकाल नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के छलेसर कैंपर में कार्यक्रम

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर में शनिवार को कुलपति प्रो आशु रानी की अध्यक्षता में नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ह्यफॉर विकसित भारत संकल्प अभियानह्व के अंतर्गत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं छात्रों को नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का मुख्य संदेश रहा ह्यनशा नहीं, शिक्षा चुनो; उज्ज्वल भविष्य स्वयं चुनोह्व कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि इससे परिवार, सामाजिक संबंध, शिक्षा, रोजगार और समाज की समग्र प्रगति




पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से युवा वर्ग को नशे से दूर रखने के लिए परिवार, शैक्षणिक संस्थानों और समाज को मिलकर निरंतर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत फामेर्सी, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद तथा एग्रीकल्चर विभाग के लगभग 150 से अधिक छात्रों ने नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली निकाली। छात्रों ने छलेसर परिसर के आसपास स्थित गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों एवं आमजन को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। रैली में छात्रों ने हाथों में नशा विरोधी संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर तथा प्रभावी नारों के माध्यम से लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के निदेशक डॉ. अखिलेश चंद्र सक्सेना और फामेर्सी विभागाध्यक्ष डॉ. रवि शेखर रहे। इस अवसर पर छलेसर परिसर के समस्त विभागों के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशा मुक्ति के संदेश को समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# हरि बोल ट्रस्ट ने मनाया 'हरियाली तीज महोत्सव'

सज-धज कर पहुंचीं महिलाओं ने बिखेरे संस्कृति के रंग



टीएनएफ टुडे, आगरा।

हरि बोल ट्रस्ट के तत्वावधान में होटल अतिथि वन (बल्केश्वर) में 'हरियाली तीज महोत्सव' अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। मुख्य संरक्षक मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर्स) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। महोत्सव में विशेष आकर्षण का केंद्र पौराणिक स्वरूप रहे। जिनमें राजा दशरथ व रानी कौशल्या के रूप में संजय सिंघल 'सादाबाद' व नीता सिंघल तथा राजा जनक व रानी सुनयना के रूप में अशोक गोयल व लता गोयल उपस्थित हुए। ट्रस्ट द्वारा सभी स्वरूपों का उपहार व भेंट देकर भावभीना अभिनंदन किया गया। संस्थापक ममता सिंघल ने बताया कि तीज के पावन अवसर पर सभी महिलाएं पारंपरिक हरे परिधानों में सज-धज कर शामिल हुईं। परिसर में प्रवेश करते ही सभी महिलाओं का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

आयोजन के दौरान पंक्चुअलिटी, सोलो व ग्रुप डांस, मेहंदी, कैटवॉक, लकी ड्रा तथा बहुप्रतीक्षित 'तीज क्वीन' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सभी प्रतियोगिताओं की विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं ने संगीत, नृत्य और पारंपरिक खेलों का जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन सभी सदस्यों को रिटर्न गिफ्ट वितरण के साथ हुआ।

कार्यक्रम में जितेंद्र गोयल अध्यक्ष, महामंत्री मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वीके मित्तल कॉर्डिनेटर संतोष गुप्ता संयोजक हरेश पंजवानी सहित भारी संख्या में मौजूद रहे। आयोजन समिति संरक्षक डोली अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, दीप्ति गुप्ता, संगीता पोद्दार, शशि गुप्ता, महामंत्री विनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मंजू गुप्ता, प्रियंका गोयल, संयोजक बबली जैन, चांदनी बंसल, उपाध्यक्ष मीना गर्ग, राजकुमारी अग्रवाल, राधा अग्रवाल, मंत्री पूजा गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, संध्या पाराशर, सुरभि सिंघल, आरती बंसल, संगठन मंत्री राखी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, श्वेता मित्तल, श्वेता शर्मा, श्वेता गुप्ता, सुनीता आर्ची, पूजा, मीरा, दीपिका, यशिका, विनय अग्रवाल, सौरव सिंघल, सतीश, विकास, प्रखर, यश, अनुज प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष और परिवार पर हमला

सांसद पुत्र परमवीर चाहर ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

बाह क्षेत्र से भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम गूँगावली के प्रधान रविन्द्र बघेल तथा उनके परिवार पर कुछ दबंगों द्वारा किए गए जानलेवा हमले की सूचना प्राप्त होने पर सांसद राजकुमार चाहर के पुत्र परमवीर सिंह चाहर ने आगरा स्थित उपाध्याय हॉस्पिटल पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना



तथा चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान परमवीर सिंह चाहर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहयोग एवं न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सांसद राजकुमार चाहर ने भी मामले में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवार के साथ भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती के साथ खड़ी है तथा न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान सतेंद्र यादव, सोनू चौधरी, मुन्ना लम्बरदार, शिवकुमार शर्मा, अनुज शर्मा, सचिन गोयल, सोनू शर्मा, रोहित आदि मौजूद रहे।

## गुरु हरिकृष्ण साहिब का प्रकाश पर्व मनाया

टीएनएफ टुडे, आगरा।

**आगरा।** बल्केश्वर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा गुरमत प्रकाश में गुरु हरिकृष्ण साहिब का प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धन-धन गुरु ग्रंथ साहिब की पावन हजूरी में गुरु प्यारी संगत ने पुष्प वर्षा कर गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की और प्रकाश पर्व की खुशियों के लिए गुरु का शुकराना किया। कार्यक्रम के दौरान अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके उपरांत भाई विकास सिंह एवं भाई जोगेंद्र सिंह ने गुरबाणी कीर्तन की अमृतमयी प्रस्तुति देकर संगत को निहाल किया। गुरबाणी के मधुर शब्दों से पूरा गुरुद्वारा परिसर भक्तिमय हो उठा और संगत गुरु चरणों में लीन होकर वाहेगुरु का सिमरन करती रही। ज्ञानी तीरथ सिंह द्वारा सरबत के भले की अरदास उपरांत संगत ने श्रद्धापूर्वक गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधान गुरमीत सिंह, नरेंद्र सिंह बिंद्रा, सतेंद्र सिंह, मुखत्यार सिंह, कुलविंदर सिंह, मनीष खोरेजा सहित बड़ी संख्या रही गुरु प्यारी साध-संगत मौजूद रही।

## आधुनिक तकनीकों से फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन में बढ़ी सफलता

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कंसल्टिंग डायरेक्टर एम्ब्रियोलॉजी डॉ. राजीव शर्मा ने फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन के क्षेत्र में हो रही प्रगति पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों और नए उपकरणों के उपयोग से अब अंडे, शुक्राणु और भ्रूण को फ्रीज (संरक्षित) करने की सफलता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां पहले यह सफलता दर मात्र 10 से 15 प्रतिशत तक सीमित थी, वहीं अब यह बढ़कर 30 से 35 प्रतिशत तक पहुंच गई है। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए भारत में आईवीएफ लैब्स को और अधिक उन्नत बनाने आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि भारत जैसे देश में उच्च तापमान और अधिक आर्द्रता (ह्यूमिडिटी) एक बड़ी चुनौती है, जिसे नियंत्रित करना बेहद जरूरी है। लैब के भीतर तापमान और नमी का संतुलन बनाए रखना ही संरक्षित अंडों, शुक्राणुओं और भ्रूण की गुणवत्ता को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाता है। पश्चिमी देशों की तुलना में भारत की जलवायु अलग है।

इसलिए यहां की लैब्स को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार विशेष तकनीकी व्यवस्थाएं अपनानी चाहिए। इससे न केवल सफलता दर बढ़ेगी, बल्कि मरीजों को बेहतर और सुरक्षित परिणाम भी मिल सकेंगे।

# आपसी विवाद में युवक को लगी गोली

आगरा रेफर, पूछताछ के लिए पुलिस ने चार को हिरासत में लिया

टीएनएफ टुडे, बाह (आगरा)।

थाना क्षेत्र के गांव पटकुइयापुरा में करीब साढ़े चार बजे युवक को गोली लगने से सनसनी फैल गई। गोली उसके पेट में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर आगरा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पटकुइयापुरा निवासी विष्णु (20) पुत्र हरिसिंह निषाद को आपसी विवाद के दौरान गोली लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली लगते ही वह



लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई।

परिजनों और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे आगरा रेफर कर दिया।

घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार युवकों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ कर घटना के कारणों और गोली चलाने वाले की भूमिका की जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला युवकों के बीच आपसी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। इंस्पेक्टर डीपी तिवारी ने बताया कि युवक को गोली लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। तहरीर और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दो माह पुराना है विवाद**

बताया जाता है कि करीब दो माह पूर्व गांव में एक युवती के कुएं में गिरने की घटना के मामले में भी विष्णु दो अन्य लोगों के साथ जेल जा चुका है। पुलिस वर्तमान घटना के सभी पहलुओं को जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस केवल गोली चलने की घटना की ही नहीं, बल्कि इसके पीछे संभावित पुरानी रंजिश और आपसी विवाद के पहलुओं की भी जांच कर रही है।

हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ के आधार पर घटना की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# करियर के चक्कर में मॉम-डैड नहीं बन रहे युवा

अब तो भ्रूण संरक्षण का भी बढ़ गया है चलन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

एकेडमी ऑफ क्लीनिकल एम्ब्रियोलॉजिस्ट द्वारा मुगल शैरेटन में आयोजित 14वीं एसीई (इंटरनेशनल कांग्रेस) में शनिवार को प्रजनन चिकित्सा (फर्टिलिटी) के क्षेत्र में हो रहे आधुनिक बदलावों और तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला का मुख्य विषय एग, स्पर्म और एम्रिस्यो फ्रीजिंग रहा, जिसमें विशेषज्ञों ने बताया कि अब केवल संरक्षण ही नहीं, बल्कि एम्रिरगयो को युवा बनाए रखने की उन्नत तकनीकों पर भी काम हो रहा है। कार्यशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. जयदीप मल्होत्रा व डॉ. नरेन्द्र मल्होत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बदलती जीवनशैली, करियर और उच्च शिक्षा की प्राथमिकताओं के कारण



युवाओं में देर से विवाह और परिवार नियोजन की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसके चलते एग (अण्डा) और स्पर्म (शुक्राणु) फ्रीजिंग की ओर युवाओं का झुकाव तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक उन महिलाओं और पुरुषों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो भविष्य में सही समय पर माता-पिता बनने की योजना

**एसीई में बांझपन और इलाज की नई तकनीकों पर हुआ मंथन**

बनाना चाहते हैं। डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि एम्ब्रियो (भ्रूण) फ्रीजिंग अब एक नई दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसमें वैज्ञानिक एम्ब्रियो की गुणवत्ता को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के साथ-साथ उसे अधिक सक्षम बनाए रखने पर भी शोध कर रहे हैं। यह तकनीक उन दंपतियों के लिए उम्मीद की किरण है, जो उम्र बढ़ने के कारण गर्भधारण में कठिनाई का सामना करते हैं। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज से पहले एग या स्पर्म को फ्रीज करना मरीजों के लिए भविष्य में संतान प्राप्ति का अवसर सुरक्षित रख सकता है। इसके अलावा, हार्मोनल समस्याओं, जेनेटिक बीमारियों या अन्य चिकित्सीय कारणों से भी फ्रीजिंग तकनीक काफी उपयोगी साबित हो रही है। इनकमिंग प्रसीडेंट डॉ. गौरव मजूमदार ने बताया कि आज युवाओं में शादी के बाद बच्चे करियर पर फोकस है। पहले 25 वर्ष की उम्र के मुकाबले अब संतान प्राप्ति की उम्र 35 वर्ष तक पहुंच गई है। कुछ वंशानुगत कारणों के साथ तम्बाकू, नशे का सेवन और बिगड़ती जीवन शली मुख्य वजह है बांझपन के मामलों के बढ़ने की। इसलिए सिर्फ इलाज पर नहीं अपनी जीवनशैली पर ध्यान दें। इस अवसर पर एसीई की अध्यक्ष डॉ. सुजाता रामकृष्णन, सचिव परुषराम गोपीनाथ, आयोजन सचिव डॉ. केशव मल्होत्रा, आईसीएमआर मुम्बई से डॉ. दीपक मोदी भी मौजूद रहे।

## एसीई कॉन्फ्रेंस में आधुनिक प्रजनन तकनीकों पर मंथन

**आगरा।** मुगल शैरेटन में आयोजित कॉन्फ्रेंस के तहत शनिवार को वैज्ञानिक सत्रों और व्याख्यानों का सफल आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने प्रजनन चिकित्सा की नवीनतम तकनीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम में एग, स्पर्म और एम्ब्रियो फ्रीजिंग के बढ़ते महत्व पर विशेष फोकस रहा।

बदलती जीवन शैली, करियर प्राथमिकताओं और बढ़ती उम्र में मातृत्व-पितृत्व की योजना के कारण फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन की मांग तेजी से बढ़ रही है। एम्ब्रियो फ्रीजिंग तकनीक को भविष्य की एक सुरक्षित और प्रभावी विधि बताया गया, जो दंपतियों को बेहतर प्रेग्नेंसी के अवसर प्रदान करती है। कॉन्फ्रेंस में विभिन्न सत्रों के दौरान ब्लास्टोसिस्ट डेवलपमेंट, माइक्रोमैनिपुलेशन तकनीक, और अल्ट्रा-फास्ट विट्रिफिकेशन जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने लाइव डेमो के माध्यम से आधुनिक लैब तकनीकों की जानकारी दी। इसके अलावा स्पर्म चयन, बायोप्सी वैलिडेशन और एम्ब्रियो विजुअलाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि प्रदूषण, तनाव और खराब जीवनशैली के कारण पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रजनन क्षमता प्रभावित हो रही है।

# उत्तर प्रदेशीय योग में आगरा का शानदार प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

इटावा' उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की तरफ से इटावा सफारी में 10 वीं स्टेट योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन डॉक्टर अनिल कुमार पटेल निर्देशक इटावा सफारी पार्क इटावा द्वारा उद्घाटन किया गया' इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिवम मिश्रा निदेशक सामाजिक वनकी प्रभाग मैनपुरी, वेंकटेश्वर पटेल निदेशक सामाजिक वनकी प्रभाग मथुरा, डॉ आलोक दिक्षित,जिला अध्यक्ष, व्यापार मंडल इटावा, डॉ वीपी सिंह जनरल सेक्रेटरी,इंडियन योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन, डॉ मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन एके सक्सेना जनरल सेक्रेटरी, शंकरदेव तिवारी जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, डॉक्टर मुकेश राय टेक्निकल कमेटी योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अतिथि उपस्थित रहे।




उद्घाटन समारोह के बाद अंडर-12 के बालक बालिकाओं का योग प्रदर्शन किया जा रहा है। अंडर 12 बॉयज टीम आगरा को प्रथम पुरस्कार मिला। इसमें

अथर्व, राघव, हर्षित, उत्कर्ष, आरंभ' द्वितीय पुरस्कार टीम ए बुलंदशहर हर्ष, आदिल, अंश सिंह, अंश कुमार ' तृतीय पुरस्कार टीम ए इटावा आदिल, विनय, अनुराग, आदिल दिल हर्षित रहे'

अंडर 12 टीम गर्ल्स में प्रथम पुरस्कार टीम आगरा की वंशिका, अनुज्ञा, आदित्य, दृष्ट, दर्पण' द्वितीय पुरस्कार टीम ए बुलंदशहर चेस्ट, कृतिका, उमा, आरुषि, नित्य' तृतीय पुरस्कार टीम बी इटावा

संध्या, कृतिका, शौर्य, श्वेता, आधा' अंदर- 12 बॉयज वर्ग प्रथम पुरस्कार -आदिल आगरा, द्वितीय पुरस्कार- माधव, अमरोहा, तृतीय पुरस्कार - सिद्धार्थ, इटावा। अंडर 12 गर्ल्स वर्ग प्रथम पुरस्कार झ्र अनुज्ञा आगरा, हर्षिता, फिरोजाबाद, संयुक्त रूप से पुरस्कार द्वितीय पुरस्कार - नित्य गोला आगरा, तृतीय पुरस्कार - तनवी राजपूत, हाथरस को मिला।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# उपचुनावों का जनादेश

विपक्ष के लिए ये परिणाम आशा का संदेश हैं किंतु यह आशा तभी सार्थक होगी, जब वह केवल सत्ता विरोधी वातावरण पर निर्भर रहने के बजाय विश्वसनीय नेतृत्व, स्पष्ट वैकल्पिक नीति और मजबूत संगठन प्रस्तुत कर सके। वहीं जन सुराज जैसे नए राजनीतिक दलों के लिए यह अवसर भी है और परीक्षा भी। एक सीट की सफलता को व्यापक जनविश्वास में बदलना कहीं अधिक कठिन कार्य होगा। इन उपचुनावों का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि मतदाता पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक, अधिक अपेक्षाकारी और अधिक स्वतंत्र निर्णय लेने वाला हो चुका है। अब चुनाव केवल संगठनात्मक शक्ति या पुराने राजनीतिक समीकरणों से नहीं जीते जा सकते। जनता नेतृत्व की विश्वसनीयता, उम्मीदवार की स्वीकार्यता, स्थानीय मुद्दों के समाधान और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि को भी उतना ही महत्व देती है। लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति अंततः जनता ही होती है और जनता समय-समय पर छोटे चुनावों के माध्यम से भी बड़े संदेश देना कभी नहीं भूलती। लोकतांत्रिक राजनीति में कई बार छोटे चुनाव भी बड़े संदेश दे जाते हैं। विधानसभा उपचुनावों को लंबे समय तक केवल रिक्त सीटों को भरने की औपचारिक प्रक्रिया माना जाता रहा है। सामान्य धारणा यही रही कि जिस राज्य में जिस दल की सरकार होती है, प्रशासनिक बढ़त, संगठनात्मक शक्ति और सत्ता के प्रभाव के कारण वही दल उपचुनाव आसानी से जीत जाता है। इसी कारण उपचुनावों के परिणामों को व्यापक राजनीतिक संकेतक के रूप में कम ही देखा जाता था किंतु पिछले कुछ वर्षों में यह धारणा तेजी से बदली है। अब उपचुनाव केवल एक सीट का फैसला नहीं करते बल्कि जनता के तत्कालीन मनोभाव, सरकार के प्रति संतोष-असंतोष, संगठन की मजबूती, नेतृत्व की स्वीकार्यता और भविष्य की राजनीतिक दिशा के संकेत भी देते हैं। बिहार के बांकीपुर, मध्य प्रदेश के दतिया और गुजरात के मांझलपुर विधानसभा उपचुनावों ने भी यही संदेश दिया है। तीन सीटों में से दो पर भाजपा की हार और केवल एक पर जीत ने राजनीतिक विश्लेषकों को यह सोचने पर विवश कर दिया है कि क्या ये केवल स्थानीय परिस्थितियों का परिणाम हैं अथवा भाजपा के सामने उभर रही नई राजनीतिक चुनौतियों का प्रारंभिक संकेत? उपचुनाव सत्ता परिवर्तन का जनादेश नहीं होते किंतु वे जनता के बदलते मानस की पहली आहट अवश्य होते हैं और यही कारण है कि इन परिणामों को गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। दूसरी ओर मध्य प्रदेश की दतिया सीट भाजपा के लिए और अधिक चिंता का विषय है। भाजपा की यह हार केवल विपक्ष की सफलता नहीं बल्कि भाजपा संगठन के भीतर असंतोष की अभिव्यक्ति भी मानी जा रही है। पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटे जाने के बाद उनके समर्थकों की नाराजगी चुनाव अभियान के दौरान लगातार चर्चा में रही। चुनावी राजनीति में उम्मीदवार केवल पार्टी का प्रतिनिधि नहीं होता बल्कि स्थानीय संगठन की भावनाओं का केंद्र भी होता है। जब कार्यकर्ता स्वयं उत्साहहीन हो जाएं या भीतरघात की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो मजबूत संगठन भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाता। दतिया का परिणाम इसी सत्य की पुष्टि करता है। मध्य प्रदेश भाजपा लंबे समय तक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अत्यंत मजबूत संगठनात्मक ढांचे के लिए जानी जाती रही। संगठन, सरकार और जनता के बीच संवाद की जो परंपरा विकसित हुई थी, नेतृत्व परिवर्तन के बाद उसे उसी प्रभावशीलता से बनाए रखना नई सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। उपचुनावों ने संकेत दिया है कि केवल सत्ता में होना पर्याप्त नहीं, संगठन की एकजुटता और स्थानीय नेतृत्व की स्वीकार्यता भी उतनी ही आवश्यक है। गुजरात के मांझलपुर में भाजपा ने जीत दर्ज कर अपनी संगठनात्मक क्षमता का प्रदर्शन अवश्य किया किंतु मतों के अंतर में आया परिवर्तन संकेत देता है कि वहां भी विपक्ष धीरे-धीरे अपनी जमीन मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। यद्यपि गुजरात में भाजपा की स्थिति अभी भी सुदृढ़ है, फिर भी चुनावी आंकड़े बताते हैं कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए आत्मसंतोष उचित नहीं हो सकता। इन उपचुनावों की चर्चा का एक महत्वपूर्ण पक्ष ह्यजेन-जी आंदोलनह्व भी रहा। चुनाव 30 जुलाई को ऐसे समय हुए, जब प्रतियोगी परीक्षा, पेपर लीक, रोजगार, अवसरों की कमी, प्रशासनिक जवाबदेही इत्यादि युवाओं से जुड़े मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में थे। निश्चित रूप से यह कहना कठिन होगा कि केवल इसी आंदोलन ने चुनाव परिणामों को प्रभावित किया क्योंकि प्रत्येक उपचुनाव में स्थानीय समीकरण, उम्मीदवार की लोकप्रियता और संगठनात्मक स्थिति कहीं अधिक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि युवाओं के बीच बढ़ती असंतुष्टि का व्यापक राजनीतिक वातावरण पर प्रभाव पड़ता है। यदि युवा मतदाता किसी सरकार के प्रति निराशा महसूस करता है तो उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव चुनावी व्यवहार पर भी दिखाई दे सकता है। आज का मतदाता (विशेषकर युवा वर्ग) केवल जातीय या पारंपरिक राजनीतिक पहचान के आधार पर मतदान नहीं कर रहा, रोजगार, शिक्षा, भ्रष्टाचार, पारदर्शिता, सुशासन, अवसरों की समानता और प्रशासनिक उत्तरदायित्व जैसे मुद्दे उसकी प्राथमिकता बनते जा रहे हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल संचार ने भी मतदाता को पहले से अधिक जागरूक बनाया है। अब सरकारों के लिए केवल विकास के दावे पर्याप्त नहीं, उनके ठोस परिणाम भी दिखाई देने चाहिए।

# FCRA Bill: इतना हंगामा क्यों? विदेशी पैसा, समाज सेवा या कोई और खेल?




“ फिर विदेशी धन को लेकर इतनी बेचैनी क्यों? सवाल तब और गंभीर हो जाता है जब पैसा संदिग्ध स्रोतों से आए और उसके इस्तेमाल पर साफ जवाब न मिले। समाज सेवा के नाम पर ऐसे प्रोजेक्ट क्यों चलें जिनका असली फायदा जरूरतमंदों से ज्यादा उन लोगों को मिले जो विदेशी फंडिंग के सहारे दिखावटी आधुनिक जीवनशैली जीते हैं? क्या विदेशी पैसे से पलने वाला एक नया परजीवी वर्ग खड़ा करना लोकतंत्र और जनहित की निशानी है?

**ब्रज खंडेलवाल**

कुछ दिन पहले दक्षिण भारत के एक छोटे शहर में दीप कुमार जो एक स्वयंसेवी संगठन चलाते हैं, से मुलाकात हुई। मोदी की वजह से उनके द्वारा दलित उत्थान के कार्य में मुश्किलें आएंगी। उनकी चिंता है कि तीस चालीस लोगों के स्टाफ को कहां से सैलरी देंगे, कैसे वाहन चलेंगे। दीप कुमार के जैसे अनेकों सोशल एक्टिविस्ट्स को फॉरेन कंट्रीब्यूशन कानून में संशोधनों से बहुत वेदना है, आक्रोश है।

प्रश्न ये है कि विदेशी पैसे के बिना समाज सेवा क्यों नहीं हो सकती? ऋछफ्अ बिल का विरोध करने वालों को पहले इस सवाल का जवाब देना चाहिए। क्या भारत इतना गरीब हो गया है कि हर नेक काम के लिए बाहर से पैसा मांगना पड़े? स्थानीय चंदे, उद्योगों की मदद और देश के अपने संसाधनों से स्कूल, अस्पताल, आश्रय गृह और जनसेवा के काम क्यों नहीं हो सकते?

फिर विदेशी धन को लेकर इतनी बेचैनी क्यों? सवाल तब और गंभीर हो जाता है जब पैसा संदिग्ध स्रोतों से आए और उसके इस्तेमाल पर साफ जवाब न मिले। समाज सेवा के नाम पर ऐसे प्रोजेक्ट क्यों चलें जिनका असली फायदा जरूरतमंदों से ज्यादा उन लोगों को मिले जो विदेशी फंडिंग के सहारे दिखावटी आधुनिक जीवनशैली जीते हैं? क्या विदेशी पैसे से पलने वाला एक नया परजीवी वर्ग खड़ा करना लोकतंत्र और जनहित की निशानी है?

ऋछफ्अ बिल का सबसे ज्यादा विरोध विपक्षी दलों, ईसाई चर्च संगठनों और कुछ NGOs द्वारा किया जा रहा है। कांग्रेस, TMC, CPI(M) और DMK इसे असंवैधानिक और दमनकारी बता रहे हैं। चर्च संगठनों को विदेशी फंड से चलने वाले स्कूलों, अस्पतालों और चैरिटी संस्थानों पर असर का डर है। विरोधियों की मुख्य आपत्तियां संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण, अल्पसंख्यक संस्थानों को निशाना बनाने, कार्यपालिका की बढ़ती शक्ति और नागरिक समाज पर संभावित दबाव से जुड़ी हैं।

इस पहल को सिर्फ राजनीतिक चश्मे से देखना गलत होगा। बिल विदेशी चंदे पर रोक नहीं लगाता। यह केवल सुनिश्चित करता है कि विदेश से आने वाला पैसा पारदर्शी हो, उसका हिसाब हो और उसका इस्तेमाल घोषित तथा वैध उद्देश्य के लिए ही हो। विदेशी पैसा कोई आसमान से गिरा प्रसाद नहीं है। उसके पीछे स्रोत, मकसद और जिम्मेदारी होती है।

सबसे बड़ी समस्या पुराने कानून की खामी थी। अगर किसी संस्था का ऋछफ्अ पंजीकरण रद्द हो जाए, संस्था खुद पंजीकरण छोड़ दे या उसकी अवधि खत्म हो जाए, तो विदेशी धन से बनाई गई संपत्तियों का क्या होगा? जमीन, इमारतें और दूसरी संपत्तियां किसके कब्जे में रहेंगी? पुराने कानून में इसका साफ जवाब नहीं था। नया बिल इस खाली जगह को भरता है। इसके तहत एक Designated Authority की व्यवस्था होगी जो ऐसी संपत्तियों का प्रबंधन कर सकेगी। विदेशी पैसे से बनी संपत्ति को पंजीकरण खत्म होने के बाद लावारिस नहीं छोड़ा जा सकता। वरना करोड़ों की संपत्तियां निजी इस्तेमाल, गलत उद्देश्यों या बंद कमरे की सौदेबाजी का हिस्सा बन सकती हैं। बिल में संपत्तियों के अस्थायी हस्तांतरण यानी provisional vesting का प्रावधान है। इसका अर्थ तत्काल स्थायी जब्ती नहीं है। अगर संस्था तय समय में अपना पंजीकरण बहाल या नवीनीकृत करा लेती है, तो संपत्ति वापस पाने का रास्ता खुला रहेगा। निगरानी भी है और इंसाफ की गुंजाइश भी। पारदर्शिता पर बिल जोर देता है। विदेशी पैसा आए तो मालूम होना चाहिए कि किससे आया, कितना आया और कहां खर्च हुआ। जब रकम करोड़ों में हो तो हिसाब भी उसी गंभीरता का होना चाहिए। 2019 से 2022 के बीच संस्थाओं को 55,000 करोड़ रुपये से अधिक विदेशी योगदान मिला। इतनी बड़ी रकम देश में आए और सरकार उससे जुड़े कामकाज पर निगाह न रखे, यह कैसी व्यवस्था होगी? हजारों संस्थाओं के पंजीकरण रद्द या समाप्त हुए हैं। ऐसे में विदेशी धन से बनी संपत्तियों के बारे में स्पष्ट नियम जरूरी हैं।

बिल जांच की प्रक्रिया में भी तालमेल लाना चाहता है। ऋछफ्अ केंद्रीय कानून है और इसका संबंध विदेशी संबंधों तथा राष्ट्रीय हित से है। राज्य की एजेंसियों को जांच शुरू करने से पहले केंद्र की अनुमति की व्यवस्था दोहरी और टकराव वाली जांच को रोक सकती है। न्यायिक सुरक्षा भी रखी गई है। Designated Authority के फैसले को revision और district judge के सामने appeal के जरिए चुनौती दी जा सकती है। अफसर का फैसला आखिरी फरमान नहीं होगा। अदालत की निगरानी बनी रहेगी।

सजा के मामले में भी बिल को केवल कठोर कानून कहना सही नहीं। कुछ उल्लंघनों में अधिकतम जेल की सजा पांच साल से घटाकर एक साल की जा रही है। निगरानी बढ़ाने के साथ सजा को अधिक अनुपातिक बनाने की कोशिश है। सबसे महत्वपूर्ण बातः यह बिल विदेशी मदद पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाता। ईमानदारी से काम करने वाले NGOs, चैरिटी और धार्मिक संगठन नियमों के तहत विदेशी योगदान ले सकते हैं। सीधी बात है; विदेशी पैसा लीजिए, समाज की सेवा कीजिए, मगर पूरा हिसाब दीजिए।


भारत में समाज सेवा की शानदार परंपरा रही है। मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों, चर्चों, व्यापारिक संस्थाओं और आम नागरिकों ने सदियों से अपने संसाधनों से जरूरतमंदों की मदद की है। फिर हर सामाजिक परियोजना के लिए विदेशी खजाने की तरफ देखने की आदत क्यों? विदेशी सहयोग अपने आप में अपराध नहीं है। लेकिन विदेशी धन को सवालों से ऊपर रखना भी समझदारी नहीं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे बड़े लोकतंत्र भी विदेशी फंडिंग और प्रभाव पर निगरानी रखते हैं। आज विदेशी प्रभाव केवल राजनयिक बैठकों तक सीमित नहीं। पैसा, संस्थाएं, डिजिटल नेटवर्क और अभियान एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। ऐसे दौर में पारदर्शी व्यवस्था देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए जरूरी है। FCRA बिल का असली संदेश साफ हैः समाज सेवा का स्वागत है, लेकिन विदेशी पैसे की मनमानी का नहीं। जो संस्था साफ-सुथरे तरीके से काम करती है, उसे डरने की क्या जरूरत। जिसे अपने पैसों के स्रोत और खर्च का हिसाब देने में परेशानी है, सवाल उससे पूछा ही जाना चाहिए।

लोकतंत्र में भरोसा जरूरी है, मगर अंधा भरोसा नहीं। विदेशी धन के मामले में पारदर्शिता कोई जुल्म नहीं, बल्कि जनहित की बुनियादी शर्त है। देश सेवा अपने संसाधनों से भी हो सकती है। और अगर विदेशी मदद ली जाए, तो उसका हिसाब देना भी देश सेवा का ही हिस्सा है।

# कब खत्म होगा नदियों का प्रदूषण

**ज्ञानेन्द्र रावत**

देश में नदियों का प्रदूषण खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।कोई एक नदी ऐसी नहीं है जिसे शुद्ध और निर्मल नदी के रूप में जाना जाये। जिसे पतितपावनी और मुक्तिदायिनी कहा जाता है और जिसका जल पुण्य का सबब माना जाता है, सबसे पहले देश की उसी पुण्य सलिला, मोक्षदयिनी नदी गंगा को लें, राजीव गांधी के प्रधान मंत्रित्व काल 1985 से लेकर आजतक मां गंगा ने मुझे बुलाया है, का दर्दभरा घोष करने वाले प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल तक, गंगा प्रदूषण मुक्ति हेतु 42,000 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है। इसके अलावा 1985 में गंगा एक्शन प्लान पर शुरूआत में ही 1200 करोड़ की राशि खर्च की गयी। लेकिन गंगा आज अपने मायके उत्तराखंड में ही साफ नहीं है। दावे कुछ भी किये जायें वह आज भी मैली है और उसका जल पुण्य का नहीं, मौत का सबब बन गया है। कैग की रिपोर्ट इसका जीता जागता सबूत है। अब देश की दूसरी प्रमुख नदी यमुना को लें, संसद में दिये आंकड़ों के मुताबिक अभी तक यमुना की सफाई पर पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल 5,536 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी है जबकि यमुना संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर पहले ही लगभग 1,951 करोड़ की राशि खर्च की जा चुकी थी। इसके अलावा दिल्ली सरकार के ग्रीन बजट के तहत दिल्ली जल बोर्ड को 6485 करोड़ रुपए की राशि दी गयी और अभी हाल फिलहाल में ही दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 4500 करोड़ की राशि की मंजूरी दी है लेकिन यमुना गंदगी और दुर्गंध से बजबजा रही है। वह जहरीली है। इसके अलावा देश की और दूसरी नदियों को छोड़ भी दें, केवल गंगा और उसकी सहायक नदियों की बात की जाये, तो उनपर अभीतक 21,340 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि स्वाहा हो चुकी है। लेकिन इतनी भारी-भरकम राशि खर्च करने के बाद भी नदियां आज भी अपने ताड़नहहार की बाट जोह रही हैं कि कौन भगीरथ आयेगा जो उन्हें प्रदूषण के दानव से मुक्ति दिलायेगा? हालत तो इतनी खराब है कि उनका पानी आचमन की बात तो



दीगर है, वह सीवेज और कारखानों के रासायनिक अपशिष्ट से इतना विषैला है कि प्राणी मात्र और जलजीवों की सेहत के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है।

विडम्बना देखिए कि इस बाबत देश की सुप्रीम अदालत नौ साल पहले ही आदेश दे चुकी है कि नदियों में शोधन के बगैर सीवेज न बहाया जाये। लेकिन दुखद यह है कि इसके बावजूद न राज्य सरकारों पर इसका कोई असर पड़ा और न ही सीवेज निस्तारण करने वाली एजेंसियों पर कि वह इस मामले पर कारगर कदम उठातीं। उसका नतीजा यह है कि नदियों का प्रदूषण लोगों को जानलेवा बीमारियों की सौगात देकर उन्हें मौत के मुंह में ढकेल रहा है। देखा जाये तो देश में रोजाना लगभग 73,000 मिलियन लीटर, एम एल डी सीवेज उत्पन्न होता है। इसमें से केवल 28 फीसदी हिस्से का ही शोधन हो पाता है। बाकी लगभग 72 फीसदी यानी 52,000 मिलियन लीटर से ज्यादा अनुपचारित सीवेज का गंदा पानी सीधे-सीधे देश की नदियों और दूसरे जलस्रोतों में गिर रहा है। यदि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट की मानें तो देश के विभिन्न राज्यों में लगभग 296 प्रदूषित नदी खंड चिन्हित किये गये हैं जिसका मुख्य कारण उनमें गिरने वाला बिना शोधित किया हुआ सीवेज है। जबकि एक अन्य जानकारी के अनुसार देश की लगभग 463 छोटी-बड़ी नदियों में बिना शोधन के सीधे-सीधे सीवेज गिराया जा रहा है। यदि सी एस ई की एक रिपोर्ट को मानें तो देश की लगभग चार सौ से भी अधिक नदियां ऐसी हैं जो प्रदूषित हैं और उसका सबसे बड़ा कारण अनुपचारित सीवेज का उनमें लगातार गिरना है।

हकीकत यह है कि देश के शहरी इलाकों से रोजाना लगभग 72,368 एम एल डी सीवेज निकलता है। इसमें से केवल 31,841 एम एल डी यानी केवल लगभग 44 फीसदी का ही उपचार हो पाता है जिसमें से वास्तविक रूप से इस्तेमाल होने वाला हिस्सा और भी कम है। सच्चाई यह है कि देश में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु और गुजरात ये पांच राज्य ऐसे हैं जो देश का 50 फीसदी से ज्यादा सीवेज पैदा करते हैं और जिसके कारण गंगा, यमुना और साबरमती जैसी नदियां सर्वाधिक प्रभावित होती हैं। देश में 271 नदियों में से 37 गंभीर रूप से प्रदूषित हैं। 311 में गंगा, यमुना, हिंडन, साबरमती और दामोदर ये पांच शीर्ष नदियां सर्वाधिक प्रदूषित हैं। जबकि तमिलनाडु की कूवम और यमुना की सर्वाधिक जहरीली नदियो में गिनती की जाती है। देश में नदियों में सीवेज गिराये जाने के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है जहां हजारों की तादाद में नाले सीवेज का गंदा पानी सीधे-सीधे नदियों में गिरा रहे हैं।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 10 अगस्त 2026 सोमवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह तुला धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। सोमवार का दिन साक्षात देवों के देव महादेव भगवान शिव की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन शिव शंभु को तांबे या कांस्य के पात्र से जल में गंगाजल और सफेद चंदन मिलाकर अर्घ्य देना तथा शिव चालीसा का वाचन करना जीवन में असीम मानसिक शांति आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान शिव को जल अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। शिव पंचाक्षर मंत्र का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता गौरी को सफेद पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सफेद चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी शिवालय में जल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। शिव कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। भोलेनाथ को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को हरी घास या भोजन खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी शिव मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

सोमवार के दिन घर के मुख्य हॉल में उत्तर की दिशा में साफ जल से भरा हुआ पीतल या तांबे का कलश स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात महादेव की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# हृदय का स्पर्श करता है रामकृष्ण मिशन का सेवाभाव और विकासः रामनाथ कोविंद

## सेवाश्रम पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति ने मंदिर में ध्यान लगाने के बाद कहा ह्ययहां की आध्यात्मिक ऊर्जा अत्यंत सकारात्मक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

भारत गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शनिवार को सपरिवार वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचे। जहां सेवाश्रम के साधुओं ने उनका अभिनंदन पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण और उत्तरीय ओढ़ाकर किया। इस दौरान अस्पताल का चिकित्सकीय स्टाफ भी मौजूद रहा। सेवाश्रम में तय कार्यक्रम के अनुसार प्रातः लगभग 10:40 बजे प्रवेश करते ही उन्होंने विवेकानंद मण्डपम में युगपुरुष स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि दी। इसके बाद वे सेवाश्रम परिसर में स्थित मंदिर में पहुंचे। जहां उन्होंने स्वामी रामकृष्ण परमहंस देव की

■ चिकित्सकीय स्टाफ को प्रेरित करते हुए कहा कि आप महान पेशेवर

प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन एवं पूजन किया। वे यहां लगभग 10 मिनट तक रहे। इस दौरान वे काफी देर तक आंखें बंद कर ध्यान मुद्रा में बैठे रहे। मंदिर से निकलने के बाद उन्होंने कहा कि यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा अत्यंत ही सकारात्मक है। मेरा अंतःकरण यहां बैठकर स्वाभाविक ही ध्यान की ओर अग्रसर हुआ है। इसके बाद वे शारदा ब्लॉक में पहुंचे, जिसका उनके द्वारा भारत के महामहिम पद पर आसीन रहते हुए 28 नवम्बर 2019 को लोकार्पण किया गया था।





ब्लॉक का अवलोकन करने के बाद उन्होंने यहां भी स्वामी रामकृष्ण देव, मॉं शारदा एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रपट के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ मौजूद स्टाफ से कहा कि आप सभी लोग एक महान पेशे में हैं, जो सीधे तौर पर मानवता की सेवा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन में तीसरी बार उनका आगमन हुआ है। यहां की 118 वर्षों की सेवा परंपरा और चिकित्सकीय सुविधाओं में निरंतर प्रगति तथा सेवा का भाव हृदय को स्पर्श करता है। उन्होंने न सिर्फ यहां मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया बल्कि आश्रम के साधुओं, संन्यासियों और समस्त स्टाफ के साथ शारदा ब्लॉक के सामने समूह फोटोग्राफी भी कराई। इसके बाद उन्होंने नंदकिशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का बाह्य निरीक्षण भी किया।

इस दौरान पूर्व महामहिम रामनाथ कोविंद को सेवाश्रम के सचिव स्वामी सुप्रकाशानंद महाराज, सह सचिव स्वामी कालीकृष्णानंद महाराज द्वारा स्वामी रामकृष्ण देव, मॉं शारदा एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाएं स्मृति स्वरुप भेंट की गईं। इस अवसर पर कुलदीप महाराज, स्वामी ओजोमयानंद, स्वामी रुद्रनाथानंद, स्वामी देवतानंद, डॉ. थान सिंह तोमर, डॉ. प्रशान्त पाठक, डॉ. गणेश शर्मा, डॉ. सर्वेश गुप्ता सहित नर्सिंग स्टाफ तथा छात्राएं मौजूद रहीं।

# अच्छे बुरे का ज्ञान ही सच्ची शिक्षाःशैलजा कांत



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मांट।

उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्रा ने छात्राओं से कहा है कि शिक्षा सफल तब मानी जाती है,जब छात्राएं अपना भला बुरा सोचने में समर्थ हो जाएं।

स्थानीय श्री बृज आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में कई कक्ष के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में श्री मिश्रा ने कॉलेज में छात्राओं की संख्या और उनका अनुशासन देख खुशी जाहिर की,और छात्राओं से मन लगा कर पढ़ने और घर परिवार का नाम रोशन करने की अपील की। कॉलेज प्रबन्धक पदम-सिंह शर्मा ने कहा कि सांसद हेमामालिनी व विधायक राजेश चौधरी की निधि से बनने वाले कक्षों का शिलान्यास किया गया है। अलंकार काया कल्प न्यास की पहल पर एक

■ श्री बृज आदर्श कन्या इंटर कालेज में हुआ विभिन्न कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास

संस्था द्वारा 200 साइकिल छात्राओं के लिए दी गयी हैं। एक संस्था द्वारा एक सौ पंखा, तो एक अन्य संस्था द्वारा 50 कम्प्यूटर सेट व ब्यूटी पार्लर कोर्स के लिए सामिग्री उपलब्ध कराई गई है। सुमेधा अय्यर द्वारा तीन कमरों का फर्नीचर दिया गया है।

कार्यक्रम में रामकिशन अग्रवाल,प्रियल भारद्वाज, केसी कनोडिया,जगदीश चन्द्र गोड़, मनोज गोयल,सुखबीर सिंह,विजेंद्र पाल सिंह,लखन लाल,के के शर्मा,अवधेश कटारा, केहरी सिंह,सत्येंद्र प्रकाश उपाध्याय, राधा कृष्ण पाठक, विष्णु सारस्वत, राजकुमार चौधरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# गांव की राजनीति में स्कूली बच्चों को बनाया हथियार

## -चकरोड़ पर भरे पानी से होकर निकालने पर पूर्व प्रधान सहित दो फंसे

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

ग्राम पंचायत शाहपुर फरह के मजरा नगला राधा में खेतों के चक रोड पर पानी भरने पर स्कूली बच्चों को पानी में होकर निकालने और उसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डालने की प्रकरण की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने एडीओ पंचायत से कराई गई। जिसमें गांव का एक युवक और पूर्व गांव प्रधान को निजी स्वार्थ और पंचायत की छवि धूमिल करने का दोषी पाया गया। जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने दोनों के विरूद्ध थाना फरह में एफआईआर दर्ज करने के आदेश एडीओ पंचायत को दिए हैं।

डीपीआरओ ने बताया कि दिनांक सात अगस्त को उनके पास मोबाइल फोन नम्बर

■ एडीओ की जांच में आरोप गलत मिले, स्कूल के रास्ते में कहीं नहीं भरा था पानी
■ डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को फरह थाना में एफआईआर दर्ज कराने के दिए आदेश

9058623282 से उनके व्हाट्सएप पर प्रातः 09.10 बजे रवि कुमार के फेसबुक का लिंक के साथ एक वीडियो भेजा गया, जिसमें दिखाया गया कि विकास खण्ड फरह की ग्राम पंचायत शाहपुर फरह के मजरा नगला राधा में जल भराव है। जिसमें से प्राथमिक स्कूल के बच्चे निकलकर स्कूल जा रहे हैं। वीडियो की तथ्यात्मक जांच हेतु सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकास खण्ड फरह को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत ) ने वायरल वीडियो के सम्बन्ध में जांच की गयी। जांच में पाया गया कि नगला राधा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं जो डामर रोड़ पर स्थित है। विद्यालय से नगला राधा बस्ती को निकालकर खेतों की तरफ पहले सपेरा बस्ती तक पक्का मार्ग है। इसके बाद खेतों की तरफ विद्यालय से लगभग 800 मीटर दूर जगदीश पुत्र दुर्गा प्रसाद के खेत पर कुछ अस्थाई रूप से बंजारे निवास करते हैं। जहां पर खेतों के लिए जाने वाले चकमार्ग पर पानी का निकास न होने के कारण जल भराव हो गया था। जिसमें रवि कुमार पुत्र रज्जो निवासी मकदूम द्वारा विद्यालय के बच्चे एवं गांवों के व्यक्तियों को एकत्रित कर जल भराव में निकालते हुए वीडियों बनाकर फेसबुक पर पोस्ट किया गया। जिसमें कहा गया कि जान जोखिम में डालकर छात्र स्कूल जा रहे हैं।

इस जांच आख्या के उपरोक्त रवि कुमार एवं पूर्व प्रधान लाखन सिंह द्वारा अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु गलत तरीके से वीडियो बनाकर फर्जी एवं भ्रामक तथ्यों को प्रचार, पोस्ट कर प्रशासन एवं ग्राम पंचायत की छवि धूमिल करने को किया गया। जिस पर डीपीआरओ ने युवक रवि कुमार एवं पूर्व प्रधान लाखन सिंह के विरूद्ध सचिव, ग्राम पंचायत के प्रार्थना पत्र एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की जांच पर प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही करने की तहरीर थाना प्रभारी फरह को भेजी है।

# मथुरा में बने इंडस्ट्रियल हबः योगेश नौहवार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जनपद के विकास और युवाओं को रोजगार सृजित कराने के लिए रालोद के नेता सदन व एमएलसी योगेश नौहवार ने गत दिवस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके मथुरा में इंडस्ट्रियल हब बनाने का अनुरोध किया। एमएलसी योगेश नौहवार ने यमुना एक्सप्रेसवे पर सुरीर टैंटीगांव के मध्य कट बनवाने की मांग रखी। साथ ही किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए नौहझील ब्लॉक में अनाज मंडी और यमुना नदी पर कटबंध बनाकर किसानों की फसल को बर्बाद होने से बचाने का गुहार लगाई। उन्होंने सीएम से मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक ट्रोमा सेंटर व मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल बनवाने की बात कही। एमएलसी योगेश नौहवार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी सभी मांगों को गंभीरता से सुनकर शीघ्र ही इन विकास कार्यों को धरातल पर लाने का आश्वासन दिया है। जिससे मथुरा जनपद के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने खास तौर पर देहात क्षेत्र के किसानों और नौजवानों के हितों में काम करने की बात कही है।

### वृंदावन में गंदगी व अमर्यादित आचरण करना पाप समानः प्रेमानंद महाराज

मथुरा। वृंदावन के प्रसिद्ध संत पूज्य प्रेमानंद महाराज ने ब्रज धाम आने वाले सभी श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों से धाम की पवित्रता स्वच्छता और धार्मिक मयार्दा बनाए रखने की भावुक अपील की है। उन्होंने धाम की महत्ता का भान कराते हुए कहा है कि ब्रज में आने वाले प्रत्येक भक्त को यह बोध होना चाहिए कि यह भगवान का परम मंगलमय धाम है। सड़कों-गलियों में पत्तल दोने फेंकना यत्र-तत्र थूकना और प्रदूषण फैलाना धाम में उचित नहीं है। धाम में आकर व्यसन (नशा) अनुचित व्यवहार व गंदे आचरण से दूर रहेंय यहाँ केवल सेवा और भक्ति भाव के साथ आएं। मथुरा-वृंदावन नगर निगम द्वारा ब्रज को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता संदेश के तहत प्रेमानंद महाराज ने कहा कि भगवतधाम की पावनता को बनाए रखना हर श्रद्धालु का कर्तव्य है। महाराजजी ने कहा कि धाम में आकर कूड़ा कचरा फैलाना गंदगी करना या अमर्यादित व्यवहार करना धर्म के विरुद्ध है।

# कृष्णानगर में पांच स्थानों से निकली समरसता यात्रा, संत रविदास के विचारों को अपनाने का संदेश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

शनिवार भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदासजी की 650वीं जयंती के अवसर पर महानगर के कृष्णानगर मंडल में पांच स्थानों से समरसता कलश यात्रा निकाली गई। मोहन नगर, अर्जुनपुरा, अंबेडकर कॉलोनी, महाविद्यालय कॉलोनी चौराहा एवं बिरला मंदिर से निकली यात्राएं विभिन्न मार्गों से होकर गुजरीं।

कलश यात्रा के दौरान विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि संत रविदासजी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानवता की मिसाल है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना के विरुद्ध मानवता एवं भाईचारे का संदेश दिया। आज के समय में संत रविदास जी के विचार और अधिक प्रासंगिक हैं। समाज की मजबूती आपसी सम्मान, सहयोग और एकता से ही संभव है।उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का संदेश किसी एक वर्ग



तक सीमित नहीं था। उन्होंने पूरे समाज को समानता और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके विचारों को अपने जीवन में व्यवहार के रूप में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि संत रविदास जी ने सामाजिक भेदभाव समाप्त कर समाज को जोड़ने का संदेश दिया। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारे और समरसता की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। वही जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। समरसता समाज को जोड़ती है और समानता प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने सभी से संत रविदास जी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ललित गौतम, मंडल प्रभारी योगेश आवा, जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, मंडल महामंत्री संत कुमार एवं बिरजो सैनी, मंडल मंत्री सिद्धार्थ वशिष्ठ, शीतल शर्मा, गौरवीश सिकरवार और कमला प्रसाद सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# छात्र हत्या में महिला सहित तीन गिरफ्तार, एक फरार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना छाता पुलिस टीम व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्वाई में हत्या की घटना का अनावरण करते हुए हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तगण को मुठभेड़ के दौरान दो अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, पांच खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एवं एक कार मारूति स्विफ्ट नम्बर यूपी 85 सीजेड 0590 सहित गिरफ्तार किया गया व एक सह-अभियुक्ता को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

एक अभियुक्त तेजपाल उर्फ नेहनू पुत्र स्व. गिर्राज निवासी जाटव मौहल्ला राधाकुण्ड थाना गोवर्धन मथुरा फरार हो गया था। थाना छाता पुलिस टीम व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में रात को करीब 12 बजे ग्राम रनवारी से करीब एक किलोमीटर पहले बायीं तरफ रेडीमेड़ चारदिवारी हो रखे प्लॉटो के पास थाना छाता जनपद मथुरा से अभियुक्त विक्रम पुत्र रामकिशन निवासी राधा पब्लिक स्कूल स्कूल के सामने ब्लॉक के पीछे कस्बा व थाना गोवर्धन जनपद मथुरा व अमन पुत्र स्व. गिर्राज

■ दो अभियुक्तों को मुठभेड़ के बाद दबोचा, महिला को घर से हिरासत में लिया
■ घर से संस्कृति विश्वविद्यालय की कह कर निकला था छात्र विपिन

निवासी जाटव मोहल्ला राधा कुंड थाना गोवर्धन जनपद मथुरा को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महिला को उसके घर से शनिवार को सुबह करीब साढ़े सात बजे गिरफ्तार किया गया।

ये हुई थी घटना


4 अगस्त को छात्र विपिन उम्र लगभग 20 वर्ष अपने घर से मोटरसाइकिल संख्या से समय करीब तीन बजे संस्कृति यूनिवर्सिटी छाता के लिए जाने की कहकर निकला था। लेकिन वापस घर पर नहीं पहुंचा। 5 अगस्त को ग्राम धौरेरा क्षेत्रान्तर्गत जंगल में एक खंडहर नुमा कोठरी में मृतक विपिन पुत्र चन्द्रपाल सिह निवासी नीमगांव थाना गोवर्धन जनपद मथुरा की अज्ञात बदमाश के द्वारा गला रेतकर हत्या कर दी गयी।

# यमुना का बढ़ता जलस्तर, मथुरा प्रशासन अलर्ट

## डीएम बोले, बाढ़ से निपटने की पूरी तैयारी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

यमुना नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए मथुरा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं और प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। डीएम ने बताया कि मथुरा जनपद में यमुना नदी करीब 50 किलोमीटर तक बहती है और जिले को दो भागों में विभाजित करती है। ओखला बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण नदी का जलस्तर बढ़ा है, लेकिन फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और घबराने जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में आई बाढ़ के अनुभवों को देखते हुए इस बार पहले से ही व्यापक तैयारियां



की गई हैं। संभावित प्रभावित लोगों के लिए शेल्टर होम तैयार कर दिए गए हैं। जल पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीमों को तैनात कर दिया गया है। जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी पूरी व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम, एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारी लगातार फील्ड में रहकर हालात की निगरानी कर रहे हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि ष्फिलहाल गंभीर बाढ़ जैसी स्थिति बनने की संभावना नहीं है, लेकिन जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। हमारी टीमें लगातार काम कर रही हैं ताकि किसी भी ब्रजवासी या नागरिक को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### लंदन में संतों का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत

मथुरा। भारत के विभिन्न क्षेत्रों से छठी संत संसद में शामिल होने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट से लंदन पहुंचे संतों का हीथ्रो एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। लंदन स्थित सिद्ध आश्रम के प्रमुख राज राजेश्वरानंद गुरुजी उनके भक्तों तथा त्रिलोचन दास महाराज के अनुयायियों ने संतों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया। छठी संत संसद में जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि महाराज नेटवर्क ट्रेन के चीफ एडिटर संजय गिरी श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज पंडोखर सरकार महामंडलेश्वर उमाकांतानंद महाराज महामंडलेश्वर यतींद्रानंद महाराज अविशेश्वरानंद महाराज सहित कई संत शामिल होने पहुंचे हैं। संत सभा के अध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा ने बताया कि संत संसद में सनातन संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा को लेकर संतों के बीच संवाद होगा। उन्होंने कहा कि संत संसद का उद्देश्य सनातन संस्कृति के संरक्षण उसके मूल स्वरूप की रक्षा और समाज में धार्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने से जुड़े विषयों पर विचार विमर्श करना है। लंदन पहुंचने पर संतों के स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में भक्त और श्रद्धालु मौजूद रहे। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के बीच हुए स्वागत से वहां उत्साह का माहौल दिखाई दिया। सिद्ध आश्रम के प्रमुख राज राजेश्वरानंद और उनके अनुयायियों ने संतों के साथ मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

### वृन्दावन में लगातार बढ़ रहा यमुना का जलस्तर

मथुरा। वृंदावन में यमुना का जलस्तर बढ़कर घाटों तक पहुंच गया है। इस बीच एक चिंताजनक ट्रेंड भी देखा जा रहा है कि बढ़ते जलस्तर के बीच लोग जान जोखिम में डालकर बना रहे रील। केशीघाट पर यमुना के बढ़ते जल में रील बनाने का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। यमुना के तेज बहाव और बढ़ते जलस्तर के बावजूद घाटों पर लोगों का पहुंचना जारी है। इस सबके बीच घाटों पर निगरानी के लिए पुलिस बल की कोई तैनाती नजर नहीं आ रही है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए घाटों पर सख्ती और पुलिस निगरानी की गुंजाइश है।

### राजकीय संग्रहालय में काकोरी ट्रेन एक्शन पर लघु फिल्म का प्रदर्शन

मथुरा। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शनिवार को काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस की पूर्व संध्या पर राजकीय संग्रहालय, मथुरा में काकोरी ट्रेन एक्शन के वीर क्रांतिकारियों के जीवन, संघर्ष एवं बलिदान पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जिसमें संग्रहालय के 9 अगस्त 1925 को घटित काकोरी ट्रेन एक्शन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध क्रांतिकारियों के साहस, संगठन और देशभक्ति का परिचय दिया का प्रदर्शन देखकर दर्शक एवं छात्र देश भक्ति के जोश से सराबोर हो गए। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत प्रदर्शित की गई लघु फिल्म के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र, छात्राओं को राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ, राजेंद्र लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह तथा अन्य क्रांतिकारियों के अदम्य साहस और राष्ट्र के लिए किए गए त्याग से परिचित कराया गया। फिल्म ने यह संदेश दिया कि देश की स्वतंत्रता के लिए असंख्य ज्ञात-अज्ञात वीरों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया, जिसके परिणामस्वरूप आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को सहायक निदेशक डॉ. प्रतिभा द्विवेदी द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास और काकोरी ट्रेन एक्शन के महत्व से अवगत कराते हुए नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष और बलिदान केवल इतिहास की पुस्तक का विषय नहीं, बल्कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### केसरी मखमल के हिंडोले में विराजमान होकर राजाधिराज ने दिए दर्शन

टीएनएफ टुडे, मथुरा। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के द्वारा किया जाता है। उसी परंपरा के तहत आज सावन मास के दसवें दिन ठाकुर जी महाराज केसरी मखमल के हिंडोले में विराजमान हुए। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने के तहत घटा और हिंडोला में विराजमान कराया जाता है। यह क्रम पूरे सावन मास जारी रहेगा। कल भी संध्या समय 5.10 से 5.40 बजे तक ठाकुर जी महाराज फूलों के हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

### गाजियाबाद के कर्मचारी का खोया हुआ महंगा आईपैड प्रो सकुशल बरामद, पाकर खिले चेहरे

मथुरा। मथुरा जनपद के थाना कोतवाली अंतर्गत चौकी कृष्णा नगर पुलिस ने त्वरित और सराहनीय कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति का खोया हुआ कीमती आईपैड प्रो (13 इंच) सकुशल बरामद कर लिया है। आईपैड वापस मिलने पर पीड़ित व्यक्ति ने मथुरा पुलिस की कार्यशैली की दिल से प्रशंसा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति, जो प्रसिद्ध चश्मा कंपनी रेबन में कार्य करते हैं, किसी कंपनी के सिलसिले में 7 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 4 बजे मथुरा के कृष्णा नगर आए थे। इसी दौरान कृष्णा नगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत रास्ते में उनका कीमती 13 इंच का आईपैड प्रो कहीं खो गया। घटना की सूचना तुरंत चौकी प्रभारी कृष्णा नगर को दी गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उ.नि. संजीव कुमार और उनकी पुलिस टीम ने बिना देर किए त्वरित एक्शन लिया और तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम की मुस्तैदी के चलते कुछ ही समय में आईपैड प्रो को सकुशल ढूंढ निकाला गया और संबंधित व्यक्ति के सुपुर्द कर दिया गया। अपना खोया हुआ महंगा गैजेट पाकर गाजियाबाद से आए कर्मी के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने मथुरा पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता और कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।

### वृंदावन में रेलवे स्टेशन के पास पेड़ के नीचे मिला अज्ञात शव

मथुरा। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत वृंदावन रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार सुबह एक पेड़ के नीचे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। स्थानीय निवासी आकाश भारती के अनुसार मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष प्रतीत हो रही है। वह स्थानीय नागरिक नहीं था और कुछ दिनों से क्षेत्र में कबाड़ बीनने का काम करता देखा गया था। स्थानीय पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मामले की जांच जारी है ।

### नंदगांव में आगामी 10 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, प्रधानाध्यापकों को दिए गए निर्देश

मथुरा। नंदगांव विकास खंड सभागार में परिषदीय विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापकों और सहकर्मियों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी 10 अगस्त को सामूहिक रूप से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के संबंध में सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान बीआरसी एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने सभी उपस्थित शिक्षकों को अभियान की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों के बारे में बारीकी से समझाया। इस अवसर पर बीआरसी टीम से नोडल एआरपी भारती यादव, संदर्भदाता राजेश कुमार, दिनेश कुमार, नवीन शर्मा, हर्ष गौतम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा सभी विद्यालयों को इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान को पूरी गंभीरता और सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

### ग्राम के प्रशासक अब रूटीन कार्यों पर खर्च कर सकेंगे पांच हजार, शासन के निर्देश पर डीपीआरओ ने प्रशासकों को दी वित्तीय अनुमति

मथुरा। अब ग्राम प्रधान का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रशासकों को अपनी अपनी ग्राम पंचायतों में रूटीन के कार्य कराने में डीएम और डीपीआरओ की अनुमति लेने का इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों की समस्याए हल नहीं हो पा रही हैं। पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने प्रशासक (ग्राम प्रधानों) को आकस्मिक खर्च के रूप में पांच हजार रुपये अपने पास रखने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी है कि व्यय होने वाली धनराशि ग्राम निधि में जमा धनराशि , राज्य वित्त आयोग में से वहन किया जायेगा। इस राशि को ग्राम के प्रशासक रूटीन कार्यों पर खर्च कर सकेंगे।

# राजकीय जिला पुस्तकालय की अव्यवस्थाओं को लेकर डीएम से शिकायत, सुधार की मांग

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



राजकीय जिला पुस्तकालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर छात्र-छात्राओं ने सांसद डिंपल यादव से शिकायत की है। छात्रों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी को पत्र भेजकर पुस्तकालय की व्यवस्थाओं में सुधार कराने की मांग की है।

सांसद को दिए गए शिकायती पत्र में छात्र-छात्राओं ने बताया कि पुस्तकालय में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहद खराब है। इसके अलावा सुबह के समय पुस्तकालय नहीं खोला जाता, जिसके चलते प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। छात्रों ने पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रमुख पत्र-पत्रिकाएं और मैगजीन उपलब्ध नहीं होने की समस्या भी बताई।

छात्रों ने यह भी शिकायत की कि पुस्तकालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। इस संबंध में सांसद से कार्रवाई की मांग की गई थी। छात्रों ने पुस्तकालय के शुल्क में वृद्धि नहीं किए जाने का भी अनुरोध किया।

सांसद डिंपल यादव ने जिलाधिकारी से उक्त समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुस्तकालय के शुल्क में वृद्धि न करने, समय से पुस्तकालय खोलने, साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही पुस्तकालय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को अनावश्यक रूप से परेशान न करने और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किए जाने की मांग की है।

सांसद ने पत्र के माध्यम से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें अवगत कराने का भी अनुरोध किया है।

कांवड़ियों के सेवा-सुरक्षा के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध,

# डीएम-एसपी ने काली नदी चौकी पर कांवड़ियों का जाना हाल, दीं शुभकामनाएं

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने फर्रूखाबाद बॉर्डर स्थित काली नदी पुलिस चौकी पहुंचकर गंगाजल लेने जा रहे कांवड़ श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद किया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं का हाल-चाल जाना, उनकी यात्रा मार्ग और गंतव्य की जानकारी ली तथा सभी को सफल, सुरक्षित और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

बातचीत के दौरान कस्बा बेवर के ग्राम दहेड़ निवासी कांवड़िया अवनीश और सुभाष ने बताया कि वे फर्रूखाबाद स्थित गंगा घाट से जल लेकर गोला-गोकर्णनाथ में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इसके पश्चात पूर्णागिरि मंदिर में दर्शन कर वापस लौटेंगे। कांवड़ियों ने बताया कि वे प्रतिदिन लगभग 120 किलोमीटर साइकिल चलाकर अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की आस्था और संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा का अटूट हिस्सा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ियों की सेवा और सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा मार्ग पर स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा और प्राथमिक सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या न हो और जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ियों से सुरक्षा नियमों और निर्धारित मार्ग का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि पूरी यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर तहसीलदार भोगांव घासीराम और प्रभारी निरीक्षक बेवर अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## नशा मुक्ति अभियान, बने जन-जन की पहचानः कुँवर आर. सी. कन्या इंटर कॉलेज में निकाली गई जागरूकता रैली

मैनपुरी। कुँवर आर. सी. कन्या इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं द्वारा शनिवार को "नशा मुक्ति विकसित भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रभा कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। हाथों में पोस्टर लिए स्वयंसेविकाओं ने "नशा छोड़ो जीवन से नाता जोड़ो", "नशा नाश है" और "नशा नहीं जिंदगी चुनो" जैसे प्रेरक नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। स्कूल परिसर में रैली के समापन के बाद पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में रिया और पर्वा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया, वैष्णवी चौहान दूसरे स्थान पर रहीं तथा मोनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पूरा कार्यक्रम एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी रेनू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रियंका मैम, दीपिका, कुसुम राव और पूनम श्रीनाधन सहित अन्य शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन किया।

## निर्माणाधीन कोल्ड स्टोर में अमोनिया गैस रिसाव से हड़कंप, समय रहते स्थिति पर पाया गया काबू



बिछबा/मैनपुरी। बिछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत जेली गांव स्थित एक निमार्णाधीन कोल्ड स्टोर में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब अचानक अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा। जहरीली गैस के फैलते ही वहां काम कर रहे श्रमिकों में भगदड़ मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम समेत प्रशासनिक अधिकारियों का दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा। जांच के दौरान वाल्व में खराबी के कारण रिसाव होने की बात सामने आई, जिसे तत्परता से ठीक कर दिया गया। समय रहते रिसाव बंद होने और स्थिति पूरी तरह सामान्य होने पर सभी ने राहत महसूस की।

## किशनी में रामलीला की तैयारियां तेज, 24 अक्टूबर से सजेगा मंच



किशनी। किशनी नगर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले रामलीला महोत्सव की रूपरेखा तय कर ली गई है। युवा रामलीला क्लब कमेटी के अध्यक्ष चुनाव के बाद शनिवार को सेठ जेएस गार्डन में पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की तिथियों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। महोत्सव का शुभारंभ 24 अक्टूबर को विधि-विधान से गणेश पूजन के साथ किया जाएगा। अगले दिन, 25 अक्टूबर को नगर में भव्य शिव बारात निकाली जाएगी, जिसमें मनमोहक रथ और धार्मिक नृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकार शामिल होंगे। तत्पश्चात 26 अक्टूबर से 3 नवंबर तक नौ दिनों तक रामलीला का मंचन चलेगा। कमेटी अध्यक्ष राहुल गुप्ता के अनुसार, मंचन को भव्य रूप देने के लिए देश के विख्यात कलाकारों की मंडली को आमंत्रित किया जा रहा है। इस बैठक के दौरान पूर्व चेयरमैन अनिल मिश्रा, अमित तिवारी, दिनेश शर्मा, अनिल यादव बीटू, पंकज चौहान, राहुल चौहान, पूर्व सभासद सोनू चक, राघव चौहान, रवि चौहान, रमाकांत गुप्ता, मंगल रावत, प्रदीप त्रिवेदी और अतुल गुप्ता सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# भूमि विवादों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर पहुंचे डीएम व एसपी, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

टीएनएफ टुडे, बेबर/मैनपुरी।




बेवर थाने में आयोजित 'थाना समाधान दिवस' के दौरान जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने जन-शिकायतें सुनीं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों का उसी दिन पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर निस्तारण कराना है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पैमाइश या कब्जा दिलाने के बाद कोई दबंग पुनः कब्जा करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए। साथ ही न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में मौके पर यथा-स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार भोगांव को क्षेत्र के सभी थानों, सरकारी भवनों और कार्यालयों की भूमि को संबंधित विभागों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने का आदेश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्राम सभा की जिस भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए, उसे तत्काल किसी विभाग के नाम आरक्षित कर उसका पजेशन सौंपा जाए। इसके अतिरिक्त, थाने की भूमि का चिन्हांकन कर संपूर्ण भूमि पर पुलिस का कब्जा सुनिश्चित करने तथा थाने के पीछे वाले गेट के समीप 15वें वित्त से इंटरलॉकिंग कार्य कराने के लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बेवर को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर लालपुर, जलालपुर, मु. महाजनान बेवर, सराय मद्दू, नवीगंज और नगला केहरी के ग्रामीणों ने भूमि पैमाइश एवं अवैध कब्जे हटवाने से संबंधित अपने शिकायत पत्र सौंपे। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों पर लेखपाल के नेतृत्व में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर रवाना कीं और आज ही दोनों पक्षों की मौजूदगी में निस्तारण के आदेश दिए। इस मौके पर तहसीलदार भोगांव घासीराम और प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# तिरंगा हाथों में लेकर निकले आजाद हिंद कॉलेज के छात्र, शहीदों को किया नमन

टीएनएफ टुडे, करहल।




हर घर तिरंगा महोत्सव के तहत शनिवार को आजाद हिंद इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

तिरंगा रैली आजाद हिंद इंटर कॉलेज परिसर से शुरू होकर ब्लॉक परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर संपन्न हुई। शहीद स्मारक पर विद्यार्थियों और विद्यालय के शिक्षकों ने कैंडल जलाकर देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों के योगदान और उनके बलिदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश की आजादी अनेक वीरों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। हमें शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना चाहिए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिशोर प्रेमी ने विद्यार्थियों को क्रांति दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारियों के त्याग और संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।




## 16 वर्षीय किशोर घर से लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई तलाश की गुहार



करहल। थाना करहल क्षेत्र के ग्राम चन्दपुरा निवासी एक 16 वर्षीय किशोर के घर से लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर के पिता राजू पुत्र मुन्ने खां ने थाना करहल में तहरीर देकर बेटे की तलाश कराने की गुहार लगाई है। तहरीर के अनुसार उनका पुत्र सिराजुद्दीन उर्फ सहनूर, उम्र करीब 16 वर्ष, कक्षा 9 का छात्र है। वह 7 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 2 बजे घर से लापता हो गया। परिजनों के अनुसार किशोर की काफी तलाश की गई और रिश्तेदारों समेत अन्य स्थानों पर फोन के माध्यम से जानकारी की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। तहरीर में किशोर की पहचान के संबंध में बताया गया है कि उसकी लंबाई करीब 4 फीट 6 इंच है और वह लोअर पहनता है। पिता ने थाना प्रभारी से मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनके पुत्र की तलाश कराने की मांग की है। पुलिस ने मामले को दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।



# डीएम ने फावड़ा उठाकर किया श्रमदान, अधिकारियों के साथ चलाया सफाई अभियान

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को जिलाधिकारी कॉलोनी में अधिकारियों के साथ सफाई अभियान चलाया। डीएम ने मंदिर के पास जगराता पंडाल और बारातघर के आसपास स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया। उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडेय और उप जिलाधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों ने भी सफाई में सहभागिता की।

सफाई अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने पैदल चलकर पूरी कॉलोनी का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम और नगर पंचायत से जुड़े अधिकारियों को प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान रखने और उन्हें प्रतिदिन खाली कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कॉलोनीवासियों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छता को किसी एक अभियान तक सीमित नहीं रखना चाहिए। सभी लोग समय-समय पर अपने आसपास सफाई करते रहें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर वातावरण बनाने में प्रशासन के साथ प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी का सामूहिक संकल्प है। जिलाधिकारी का स्वयं फावड़ा उठाकर सफाई अभियान में श्रमदान करना अधिकारियों और आमजन के लिए प्रेरणादायक संदेश रहा। अभियान के दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 10 लाख की लूट का खुलासा, रिमांड पर आए बदमाशों से नकदी और बाइक बरामद

सिरसागंज पुलिस की कार्रवाई—1.79 लाख रुपये कैश व वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर बरामद, अन्य साथियों की तलाश तेज

टीएनएफ टुडे, सिरसागंज।



थाना सिरसागंज पुलिस ने बीते 27 अप्रैल को अध्यापक नगर चौड़ी सड़क पर बीज व्यापारी के नौकर से हुई करीब 10 लाख रुपये की लूट का पदार्फाश करते हुए बड़ी बरामदगी की है। पुलिस ने रिमांड पर लिए गए दो शातिर आरोपियों की निशानदेही पर 1,79,500 रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक बरामद की है।

पुलिस के अनुसार लूट की घटना में शामिल सुनील निवासी हापुड़ और मुकेश सैनी निवासी हरियाणा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी सुनील की निशानदेही पर हैवतपुर तालाब के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई, जबकि 1,79,500 रुपये की नकदी ग्रेटर नोएडा क्षेत्र से बरामद हुई।

बताया गया है कि दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है और इनके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। करीब 10 लाख रुपये की लूट की वारदात के बाद पुलिस की कई टीमें लगातार बदमाशों की तलाश में जुटी थीं। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ और बरामदगी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

पुलिस अब लूट की वारदात में शामिल अन्य आरोपियों और साथियों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है। इनके रिमांड और संभावित बरामदगी के लिए भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे गिरोह की भूमिका की जांच की जा रही है और जल्द ही मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

## 71.14 मीटर भाला फेंक शिवम ने जीता स्वर्ण, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

फिरोजाबाद। 21वीं उत्तर प्रदेश राज्य यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में फिरोजाबाद के युवा ज्वेलिन थ्रो खिलाड़ी शिवम ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। 55 से अधिक खिलाड़ियों के बीच शिवम ने 71.14 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। खास बात यह रही कि बारिश के कारण फाइनल में उन्हें पर्याप्त प्रयास का मौका नहीं मिल सका, इसके बावजूद उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो अन्य खिलाड़ियों के लिए चुनौती बना रहा।

शिवम ने प्रतियोगिता की शुरूआत दमदार अंदाज में की। पहले प्रयास में उन्होंने 69 मीटर से अधिक की दूरी हासिल की। दूसरे प्रयास में उन्होंने 71.14 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर बढ़त बना ली। तीसरे प्रयास में भी उन्होंने 68 मीटर से अधिक की दूरी तय की। उनका न्यूनतम प्रदर्शन भी करीब 66 मीटर रहा, जिससे पूरे मुकाबले में उनकी निरंतरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## नवोदय प्रवेश की अंतिम तिथि 10 अगस्त तक बढ़ी

सिरसागंज। जवाहर नवोदय विद्यालय गुरैया सोयलपुर में कक्षा-6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त 2026 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 अगस्त 2026 कर दिया गया है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार इच्छुक छात्र निर्धारित तिथि तक जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाइट ६६६.ल्लं५ङ्मि.ङ्म५.ल्ल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभिभावकों और छात्रों से अपील की गई है कि आवेदन करने से पहले प्रवेश संबंधी विवरणिका को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, ताकि आवेदन पत्र भरने में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

## 10 अगस्त को कांवड़ मार्ग वाले सभी स्कूल रहेंगे बंद

फिरोजाबाद। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार 10 अगस्त को कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए जिले के कांवड़ मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। इसके चलते विद्यालयों में आने-जाने वाले वाहनों के आवागमन में परेशानी की संभावना को देखते हुए कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार 10 अगस्त को कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के साथ ही सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे।

# 'हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को लिखा आभार पत्र'

टीएनएफ टुडे, सिरसागंज।

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ह्यहर घर तिरंगाह्न कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरसागंज, फिरोजाबाद में पं० बनारसीदास चतुर्वेदी सांस्कृतिक क्लब के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने देश की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार पत्र लिखे।

छात्राओं ने अपने पत्रों के माध्यम से पुलिस के जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस कर्मी दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज में सुरक्षा, शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने में भी उनकी भूमिका सराहनीय है इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर कांति शर्मा ने कहा कि ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान केवल तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। पुलिस कर्मियों के प्रति छात्राओं द्वारा व्यक्त किया गया आभार उनके सामाजिक दायित्व और राष्ट्रप्रेम का परिचायक है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देते हुए प्रो राधेश्याम सिंह ,एवं डॉ सुरेश चंद्र ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्राओं में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक संवेदनशीलता तथा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित होती है।

# कावड़ियों के घुंघरू की झनझन तोड़ रही रात का सन्नाटा

## लहरा से कासगंज तक चल रही शिव भक्त कावड़ियों की कतार

- बम बम भोले की जय जय कार से गूंज रहे पतित पावनी तट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



सावन मास में भगवान शिव को पवित्र न्यायों के जल से अभिषेक करना अधिक फलदाई और पुण्य की देने वाला माना गया है। इसी मान्यता के चलते सावन मास के प्रथम दिवस से ही जिले के सोरों के लहरा गंगा घाट से कावड में जो लेने शिव भक्त पहुंचने लगे हैं, लहरा घाट से लेकर कासगंज तक कबाड़ियों के काफिले चल रहे हैं बम बम भोले की जय जय कार से वातावरण गुंजायमान हो रहा है।

इस वर्ष डाक कावड और कलश कांवड के प्रचलन अधिक देखने को मिल रहा तो मातृ पितृ भक्त माता पिता को भी कावर में बैठकर गंगा स्नान भी का रहे हैं। भोर से लेकर रात भर कावड़ियों के पैरों में बंधे घुंघरू की छन छन की आवाज रात का सन्नाटा चीरती है। परंपरागत कावड भी अपेक्षाकृत कम नहीं है। कावड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी बेहतर व्यवस्थाएं कि गई है जिले की सीमाओं से लेकर लहरा घाट पर प्रकाश, पीने के पानी, कुव्यवस्था के साथ ही स्वास्थ्य शिविर, खोयापाया शिविर स्थापित किए गए हैं। पुलिस की मोबाइल गाड़ियों रात भर गश्त करती नजर आती है जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं एसपी ओपी सिंह व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### सज्जा और कावड की दुकानों पर रहती है भीड़

तीर्थ नगरी सोरों से लेकर लहरा गंगा घाट तक कबाड़ियों के लिए कावड की साजसज्जा, कावड और गंगाजली के सैकड़ों अस्थाई दुखने सजीं हैं उन पर सामिग्री खरीदने वाले कावड़ियों की भीड़ रहती है। वहीं भोजन, चाट, पकौड़ी तथा अन्य खाद्य पदार्थ विक्रेताओं की भी सैकड़ों दिखने लगी है जिन पर कबाड़ियों की भीड़ लगी रहती है।

### राजस्थान और मध्य प्रदेश से पहुँचते हैं कावड़िये

तीर्थ नगरी के लहरा गंगा घाट पर श्रावण मास में कांवड़ में गंगाजल लेने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा राजिस्थान, मध्यप्रदेश से भी शिव भक्त कावड में गंगा जल लेने पहुंचते हैं। पूरे सावन मास तीर्थ नगरी में मेले जैसा दृश्य रहता है। यह पर्व यहां के व्यापार के लिए वरदान साबित होता है।

# एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

- व्यवस्थाओं को लेकर अधीनस्थों को दिए निर्देश
- यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में सभी करें सहयोग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



एसपी ओपी सिंह ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कावड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं को बनाए रखने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए।

एसपी ओपी सिंह ने सोरों गेट, मोहनपुरा, एटा बॉर्डर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर कांवड़ यात्रा से संबंधित सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कांवड़ यात्रा पर जा रहे शिवभक्त कांवड़ियों से संवाद स्थापित कर उनकी यात्रा, सुरक्षा एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कांवड़ियों से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली तथा उन्हें सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि कांवड़ियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए और उनकी प्रत्येक समस्या का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# इस्लाम कबूल करने या 20 लाख रुपये देने का दबाव, शादी तुड़वाने का आरोप

- कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा, युवक ने फोटो-वीडियो के नाम पर धमकी देने का लगाया आरोप

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज( एटा)।

कोतवाली अलीगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। युवक ने गांव की एक युवती समेत चार लोगों पर प्रेम संबंधों के दौरान फोटो-वीडियो बनाने, उनके नाम पर रुपये लेने, उसकी तय शादी तुड़वाने, इस्लाम कबूल करने या 20 लाख रुपये देने का दबाव बनाने और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार युवक की पहचान गांव की ही एक युवती से हुई थी। बाद में इंस्टाग्राम के माध्यम से दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। युवक का आरोप है कि युवती उससे प्रेम-मोहब्बत की बातें करने लगी। अलग-अलग धर्म होने के कारण उसने इसका विरोध भी किया, लेकिन आरोप है कि युवती ने भावनात्मक बातों के जरिए उसे प्रेम संबंध में फंसा लिया।

### फोटो-वीडियो के नाम पर रुपये लेने का आरोप

युवक का आरोप है कि प्रेम संबंधों के दौरान युवती ने कई बार अपनी ओर से पहल करते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और फोटो-वीडियो भी बनाए। आरोप है कि इन्हीं फोटो-वीडियो के नाम पर युवती उससे समय-समय पर नकद रुपये लेती रही। कई बार ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से भी उसके खाते में रकम मंगवाने का आरोप लगाया गया है। युवक ने आरोप लगाया कि युवती उस पर कई बार धर्म परिवर्तन करने का दबाव भी बनाती रही। इसी बीच 9 जुलाई 2026 को युवक का विवाह दूसरे जनपद की युवती से तय हुआ था और शादी के कार्ड भी छप चुके थे।

### फोटो-वीडियो दिखाकर शादी तुड़वाने का आरोप

आरोप है कि शादी तय होने की जानकारी मिलने पर आरोपी युवती एक अन्य महिला को साथ लेकर युवक की होने वाली पत्नी के घर पहुंची और कथित फोटो-वीडियो दिखाए। युवक का आरोप है कि इसके बाद उसकी शादी टूट गई। प्रार्थना पत्र के मुताबिक, शादी टूटने के बाद युवक से कथित तौर पर 20 लाख रुपये देने या इस्लाम कबूल कर आरोपी युवती से शादी करने की बात कही गई। युवक का कहना है कि उसने दोनों ही बातों से इनकार कर दिया।

### फर्जी दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी

युवक ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपी युवती, उसके भाई और दो अन्य लोगों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया।

आरोप है कि धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कबूल नहीं करने पर दुष्कर्म के फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने और भविष्य में शादी नहीं होने देने की धमकी दी गई।

### शिकायतों के बाद कोर्ट पहुंचा मामला

युवक के अनुसार उसने पहले कोतवाली अलीगंज पुलिस से शिकायत की थी। कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से शिकायत करने के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा और डीआईजी अलीगढ़ को भी शिकायत भेजी गई। इसके बाद न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में सभी आरोप एक ही गांव/क्षेत्र से जुड़े लोगों पर लगाए गए हैं। पुलिस अब आरोपों की जांच और संबंधित साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है।

### प्रभारी निरीक्षक बोले—जांच शुरू

कोतवाली अलीगंज के प्रभारी निरीक्षक रूपेश वर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एटा में 25 अगस्त को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 195वीं जयंती पर जुटेंगे जनप्रतिनिधि और समाजबंधु

अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की 195वीं जयंती के अवसर पर 25 अगस्त 2026, मंगलवार को एटा में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को लेकर समाजबंधुओं में उत्साह है। शोभायात्रा प्रातः 9 बजे आयोजित होगी।

### केंद्रीय राज्यमंत्री श्री बी.एल. वर्मा होंगे मुख्य अतिथि

आयोजन में भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री श्री बी.एल. वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा उन्नाव सांसद साक्षी महाराज तथा एटा-कासगंज के पूर्व सांसद राजवीर सिंह ह्यराजू भैयाह्न की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम में एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, कासगंज विधायक देवेन्द्र राजपूत, अमापुर विधायक हरिओम वर्मा तथा आईआरएस एवं एडिशनल कमिश्नर अमर पाल सिंह लोधी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### वीरांगना के शौर्य को किया जाएगा नमन

आयोजन का उद्देश्य वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शौर्य, त्याग, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण को नमन करना तथा नई पीढ़ी को उनके गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना है।

शोभायात्रा के माध्यम से सामाजिक एकता और वीर विरासत का संदेश भी दिया जाएगा।

आयोजकों ने समाजबंधुओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## अतरौली ब्लॉक प्रमुख के पति और उनके, भाई के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के चर्चित छात्रवृत्ति गबन के मामले में अदालत ने अतरौली ब्लॉक प्रमुख के पति केहर सिंह और उनके भाई साहब सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए हैं। बताते हैं कि वर्ष 2013 में आम आदमी पार्टी के तत्कालीन महानगर अध्यक्ष कमल सिंह ने न्यायालय के आदेश पर सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें अतरौली ब्लॉक प्रमुख पति केहर सिंह और उनके भाई साहब सिंह पर आरोप था कि पला साहिबाबाद क्षेत्र के दो विद्यालयों में छात्रवृत्ति के नाम पर बड़े पैमाने पर धन का गबन किया गया था। तत्कालीन प्रधानाचार्य रमेश चंद्र के त्यागपत्र देने के बाद, जब कमल सिंह ने आरटीआई के तहत दस्तावेज निकलवाए, तब इस वित्तीय फजीवाड़े का खुलासा हुआ था। पुलिस ने वर्ष 2014 में मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद आरोपियों ने डीजीपी से मिलकर मामले की अग्रिम विवेचना के आदेश करवा लिए थे। अग्रिम विवेचना में पुलिस ने चार्जशीट को संदिग्ध बताते हुए कुछ बच्चों को गलत नाम से छात्रवृत्ति मिलने की बात कही। इसी आधार पर वर्ष 2024 में निचली अदालत ने दोनों भाइयों को प्राथमिकी से डिस्चार्ज कर दिया था और केवल पूर्व प्रधानाध्यापक के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश दिए थे।

## फर्जी रजिस्ट्री का खेलः एक ही प्लॉट दो बार बेचने का आरोप, 7.73 लाख की ठगी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

वृंदावन क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त में कथित फजीवाड़े का मामला सामने आया है। हरिद्वार निवासी वरिष्ठ नागरिक महिला शोभा पालीवाल ने एसएसपी मथुरा को शिकायत देकर सुनरख बांगर स्थित प्लाट संख्या 46 की कथित फर्जी रजिस्ट्री, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में एक संगठित भू-माफिया गिरोह के साथ रजिस्ट्री कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जताते हुए एसआईटी जांच की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार, महिला वर्ष 2021 में वृंदावन में प्लाट खरीदने के लिए पहुंची थीं। आरोप है कि उन्हें मेघ सिंह नामक व्यक्ति ने प्रापर्टी डीलर के रूप में संपर्क किया और बेहतर आवासीय प्लाट दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद उन्हें एक प्लाट दिखाकर कथित तौर पर उससे संबंधित दस्तावेज दिखाए गए और करीब 7.73 लाख रुपये विभिन्न मदों में लिए गए। महिला का आरोप है कि 4 सितंबर 2021 को उन्हें रजिस्ट्री कार्यालय ले जाकर उनके नाम बिक्री पत्र कराया गया, लेकिन बाद में पता चला कि जिस प्लाट को उन्होंने खरीदा था, उसके बजाय प्लाट संख्या 46, मौजा सुनरख बांगर का पंजीकरण उनके नाम करा दिया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त संपत्ति की पूर्व में वर्ष 2015 में ही बिक्री हो चुकी थी। बाद में वर्ष 2021 में भी उसी संपत्ति से संबंधित दस्तावेज के आधार पर लेनदेन किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने कथित फर्जी कॉलोनी मानचित्र और दस्तावेज दिखाकर भरोसा कायम किया। शिकायत में रजिस्ट्रार कार्यालय के कुछ कर्मचारियों पर भी कथित मिलीभगत और अवैध धन लेने के आरोप लगाए गए हैं। महिला का कहना है कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत में पुलिस से आरोपितों के आपराधिक इतिहास की जांच, दस्तावेजों एवं कंप्यूटर रिकॉर्ड की फोरेंसिक जांच, कथित अवैध संपत्तियों को जब्त करने तथा मामले में कठोर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है। महिला ने अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस संरक्षण की भी गुहार लगाई है।

## थाना गोवर्धन में आयोजित समाधान दिवस में कुल 9 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना गोवर्धन परिसर में शनिवार को श्थाना समाधान दिवसश का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत और अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. अमरेश कुमार ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और जनसुनवाई के तहत कुल 9 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सुनवाई के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया जहां पूर्व में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा विधिक रूप से कब्जा दिलाया गया था। इसके बावजूद कब्जेदार द्वारा पुनः सीमांकन तोड़कर अतिक्रमण करने पर उसके विरुद्ध कड़ा एक्शन लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया गया। दोनों पक्षों के साथ हुई सार्थक चर्चा के आधार पर 3 अन्य मामलों का मौके पर ही सफल निराकरण कर दिया गया। शेष बचे हुए प्रकरणों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। अधिकारियों ने संबंधित टीमों को सभी समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

## आस्था के जयकुंड में गंदगी का दंश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

ब्रज की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला पौराणिक जयकुंड इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जिस जयकुंड की आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य को देखने देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं, उसी पवित्र स्थल में गांव की नालियों का गंदा पानी पहुंचने का आरोप है। नाले के किनारे कथित अतिक्रमण के कारण वर्षों से सफाई का रास्ता भी बंद बताया जा रहा है। ऐसे में श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। जयकुंड को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और कालिया मर्दन की पौराणिक स्मृतियों से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल माना जाता है। धार्मिक मान्यता के चलते यहां देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेशों से भी श्रद्धालु आस्था की हाजिरी लगाने पहुंचते हैं। यहां आने वाले पर्यटक जयकुंड की परिक्रमा करने के साथ इसके प्राकृतिक परिवेश का आनंद लेते हैं। इसके बावजूद कुंड में गंदे पानी का पहुंचना धार्मिक स्थल की गरिमा पर सवाल खड़े कर रहा है। पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य रामकुमार सिंह राजावत ने जिलाधिकारी मथुरा समेत राजस्व विभाग, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए), पर्यटन विभाग, पंचायती राज विभाग और द ब्रज फाउंडेशन को पत्र भेजकर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

## एएमयू के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष, प्रो. शाह आलम को उत्कृष्ट नेतृत्व पुरस्कार

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर शाह आलम को इंडियन स्कूल साइकोलॉजी एसोसिएशन की ओर से इनस्पा-एपीएसपीटी उत्कृष्ट नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एशिया-प्रशांत स्कूल मनोविज्ञान ट्रस्ट द्वारा स्थापित यह पुरस्कार पुडुचेरी सरकार के मंत्री पी. राजवेलु ने चेन्नई के एन.के.टी. राष्ट्रीय महिला शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित 16वें इनस्पा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया। सम्मेलन का विषय ह्यतंत्रिका विविधता को सशक्त बनानाह्न था। यह पुरस्कार मनोविज्ञान शिक्षा और विद्यालयी मनोविज्ञान के क्षेत्र में प्रोफेसर शाह आलम के योगदान, विशेष रूप से उनके शैक्षणिक नेतृत्व और पेशेवर सेवाओं के लिए दिया गया। उनके प्रयासों से मनोविज्ञान शिक्षा को मजबूत करने तथा विद्यार्थियों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों के बीच उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। यह सम्मान मनोविज्ञान शिक्षा और व्यावसायिक कार्यप्रणाली को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान को रेखांकित करता है।

# विद्यालयों में दिखा तिरंगे का उत्साह, हर घर तिरंगा अभियान से गूंजा राष्ट्रप्रेम का संदेश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- तिरंगा रंगोली, देशभक्ति आधारित प्रतियोगिताओं और सैनिक-पुलिसकर्मियों को आभार पत्र लेखन में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा
- माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित हो रही हैं विभिन्न राष्ट्रभक्ति से जुड़ी गतिविधियां: डीएम

हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत जनपद एटा के माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश शासन, अपर मुख्य सचिव, संस्कृति अनुभाग, लखनऊ एवं जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निदेशानुसार 09 से 17 अगस्त 2026 तक तीन चरणों में आयोजित होने वाले अभियान के तहत विद्यालयों में विद्यार्थियों को तिरंगे के गौरव एवं स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जोड़ने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अभियान के प्रथम चरण में विद्यालयों की दीवारों, बोर्ड आदि को तिरंगा आधारित कलाकृतियों से सजाने के साथ ही तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए आकर्षक तिरंगा रंगोलियां बनाईं। इसके साथ ही देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से आभार पत्र भी लिखवाए गए।

जनपद के महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज एटा, जनता इंटर कॉलेज अवागढ़, श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज जैथरा, राजकीय हाई स्कूल मोहम्मद नगर बझेरा, श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज एटा, क्रिश्चियन एग्रीकल्चर इंटर कॉलेज एटा, भारतीय इंटर कॉलेज न्यौराई एवं आदर्श इंटर कॉलेज जलेसर सहित विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के आगामी चरणों में विद्यालयों में तिरंगा रैली, स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित प्रतियोगिताएं एवं देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 13 से 15 अगस्त के मध्य घरों, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों तथा शहीद स्मारकों आदि पर ध्वजारोहण एवं तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर निर्धारित वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली जाएगी। रैली के प्रारंभ से पूर्व वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कराया जाएगा। विद्यालयों में खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी आदि स्थानीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। कार्यक्रमों के समापन पर आगंतुकों के अभिभाषण के उपरांत बच्चों को मिष्ठान एवं फल वितरित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने निर्देश दिए हैं कि हर घर तिरंगा अभियान के सभी कार्यक्रमों में विद्यार्थियों एवं आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा अभियान के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जाए।

# 11 साल के बच्चे पर टूटा दबंगों का कहर, पीटते हुए कब्रिस्तान तक घसीटा, बरसाए घूंसे

## सिर में घूंसा मारने के बाद गला दबाकर पीटने का आरोप, चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीण तो धमकी देकर भागे आरोपी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के गैसिंहपुर गांव में 11 वर्षीय बच्चे के साथ कथित मारपीट और उसे कब्रिस्तान तक घसीटकर ले जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राथमिक विद्यालय के पास सामान लेने जा रहे बच्चे पर बाइक सवार युवकों ने पीछे से हमला कर दिया। आरोप है कि सिर में घूंसा मारने के बाद विरोध करने पर बच्चे को कब्रिस्तान की ओर घसीटा गया और वहां उसके साथ मारपीट करते हुए गला दबाने का प्रयास किया गया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके की ओर दौड़े तो आरोपी बच्चे को छोड़कर धमकी देते हुए भाग निकले। घायल बच्चे का अलीगंज सीएचसी में मेडिकल कराया गया है।

थाना अलीगंज के गैसिंहपुर निवासी अरमान खान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात अगस्त को उनका 11 वर्षीय बेटा रिहान घर से खाने-पीने का सामान लेने जा रहा था। आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय गैसिंहपुर के पास अयान पुत्र आफाक खान और कमल हसन पुत्र कल्लू खान मोटरसाइकिल से पीछे से पहुंचे और रिहान के सिर में घूंसा मार दिया। अचानक हमले से बच्चा घबरा गया। विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर उसे कब्रिस्तान की ओर घसीटना शुरू कर दिया। पिता का आरोप है कि बच्चे को कब्रिस्तान में ले जाकर बेरहमी से पीटा गया। इस दौरान उसका गला दबाने का भी प्रयास किया गया। चोट और भय के कारण बच्चा चीखने लगा। घटना के बाद वह बुरी तरह सहमा हुआ था और अगले दिन परिजनों को पूरी बात बताई। तहरीर में कुछ अन्य लोगों पर बच्चे की रेकी करने और घटनास्थल के आसपास मौजूद रहकर आरोपियों का साथ देने का भी आरोप लगाया गया है। पिता ने बताया कि ईदगाह की बाउंड्री पर अरवाज पुत्र दिलशाद खान और स्कूल की छत पर मुजम्मिल पुत्र नौशाद खान मौजूद थे। आरोप है कि ये लोग बच्चे पर नजर रख रहे थे। पुलिस इन आरोपों की भी जांच कर रही है। वहीं रिहान की चीख-पुकार सुनकर अमन खान, हसीम खान, असद खान और नदीम खान मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी कथित तौर पर बच्चे को छोड़कर भाग गए। आरोप है कि जाते समय उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिजन घायल रिहान को लेकर थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल बच्चे को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज भेजा, जहां उसका मेडिकल कराया गया। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना जसरथपुर के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार उपाध्याय ने बताया कि बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अभ्यास मैचः भारत का स्कोर 350 के पार, दूसरे दिन पड्डिकल का शतक

## जडेजा का अर्धशतक, पंत और जुरेल ने किया निराश

एजेंसी, नई दिल्ली।





देवदत्त पड्डिकल ने श्रीलंका क्रिकेट इलेवन के खिलाफ अभ्यास मैच के दूसरे दिन शानदार शतक जड़कर भारत की टेस्ट टीम में नंबर-तीन स्थान के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। वहीं, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और उनके बैकअप ध्रुव जुरेल अनुकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का फायदा उठाने में नाकाम रहे। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 90 ओवर में आठ विकेट पर 357 रन बना लिए थे। पड्डिकल 142 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके अलावा अनुभवी रवींद्र जडेजा ने 63 रन की जुझारू पारी खेली, जबकि मैनव सुथार ने 41 रन बनाकर प्रभावित किया।

**पड्डिकल ने मौके को दोनों हाथों से भुनाया**

पहली पसंद के नंबर-3 बल्लेबाज साई सुदर्शन के अंगूठे की चोट से समय पर नहीं उबर पाने के कारण पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद पड्डिकल के लिए यह मुकाबला बेहद अहम था। उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए 18 शानदार चौकों की मदद से नाबाद शतक जड़ा।

दिन की शुरूआत में ही जायसवाल दूसरी गेंद पर खाता खोले बिना आउट हो गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में वह विकेट गंवा बैठे। इसके बाद केएल राहुल और पड्डिकल ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की। राहुल ने जहां पारी को संभालने में समय लिया, वहीं पड्डिकल ने अपने आकर्षक स्ट्रोक्स से दर्शकों का मनोरंजन किया। उन्होंने शुरूआत में कवर ड्राइव लगाए और इसके बाद प्वाइंट के आगे-पीछे शानदार कट शॉट खेले। तेज गेंदबाजों की छोटी गेंदों को उन्होंने बेहतरीन तरीके से पुल किया। पड्डिकल ने ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस की गेंद पर पुल शॉट के जरिए सिर्फ 121 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इसके बाद उन्हें रिटायर होने के लिए कहा गया। उन्होंने जडेजा के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े।

### पंत और जुरेल ने किया निराश

दिन का सबसे बड़ा निराशाजनक प्रदर्शन ऋषभ पंत का रहा। वह सिर्फ दो रन बनाकर आउट हुए। ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस की गेंद पर वह टर्न के खिलाफ लॉन्ग-ऑन के ऊपर से शॉट खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवा बैठे। उनका टॉप-एज लॉन्ग-ऑफ पर गया।

वहीं, ध्रुव जुरेल भी केवल एक रन बना सके। ऑफ स्पिन के खिलाफ उनकी तकनीकी कमजोरी एक बार फिर सामने आई। मेंडिस की गेंद पर आगे बढ़कर डिफेंस करने की कोशिश में गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर शॉर्ट स्क्वायर लेग पर पहुंची, जहां फील्डर ने दूसरे प्रयास में कैच पूरा किया।

### जडेजा और सुथार ने संभाली पारी

पड्डिकल के शतक के अलावा जडेजा ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी उपयोगिता साबित की। विदेशी परिस्थितियों में मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर जडेजा की अहमियत एक बार फिर देखने को मिली। मानव सुथार ने भी 41 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया। उन्होंने जडेजा के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 76 रन जोड़कर भारतीय पारी को संभाला। बाद में पड्डिकल दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरे और सारांश जैन (22, रिटायर्ड आउट) के साथ मिलकर चार और चौके लगाए। श्रीलंका क्रिकेट इलेवन के लिए रमेश मेंडिस ने दो विकेट लिए, जबकि विश्वा फर्नांडो ने एक विकेट हासिल किया।

# क्या आईपीएल के अगले सीजन में नहीं खेलेंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी?

एजेंसी, सिडनी।



ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने संकेत दिए हैं कि देश के प्रमुख टेस्ट क्रिकेटरों को अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी भागीदारी को लेकर मुश्किल फैसले लेने पड़ सकते हैं, क्योंकि टीम अपने इंटरनेशनल कैलेंडर के सबसे व्यस्त दौर में से एक के लिए तैयारी करेगी।

**ऑस्ट्रेलिया का व्यस्त शेड्यूल**

ऑस्ट्रेलिया को अगले 12 महीनों में 20 टेस्ट और 14 व्हाइट-बॉल इंटरनेशनल मैच खेलने हैं। इनमें भारत में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी शामिल है। टेस्ट फॉर्मेट की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया एक टेस्ट खेलेगा, जबकि इंग्लिश टीम से कंगारुओं की एशेज सीरीज में भी भिड़ंत होगी।

**आईपीएल मई तक जारी रहेगा**

आईपीएल 2027 के मार्च के मध्य से मई के अंत तक चलने की उम्मीद है। जून में संभावित वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले का समय ही ऐसा रहता है जब ऑस्ट्रेलियाई टीम इंटरनेशनल क्रिकेट से थोड़े समय के लिए ब्रेक लेती है। हालांकि, मैकडोनाल्ड ने इस बात पर जोर दिया कि आईपीएल ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी प्रबंधन रणनीति का एक अहम हिस्सा है और उनका मानना है कि इस प्रतियोगिता में खेलने से टीम के प्रमुख क्रिकेटरों को फायदा हो सकता है।

### मैकडोनाल्ड ने भागीदारी को लेकर क्या कहा?

मैकडोनाल्ड ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा, 'मैंने पहले भी कहा है कि आईपीएल हमारे कई खिलाड़ियों के लिए हमारे मैनेजमेंट प्लान का हिस्सा है और मेरे हिसाब से टी20 क्रिकेट के सबसे अच्छी प्रतियोगिता में अपने बेहतरीन खिलाड़ियों को खेलने का मौका देने से उनके प्रदर्शन में भी फायदा होता है। बस आपको इसमें संतुलन बनाना होगा।'

### कई बड़े खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा

पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, कैमरन ग्रीन और ट्रेविस हेड उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शामिल हैं जो अभी आईपीएल फ्रेंचाइजी से जुड़े हैं, जबकि जोश इंग्लिस भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया के रेगुलर टेस्ट खिलाड़ियों का टूर्नामेंट से हटने या अपनी उपलब्धता सीमित करने का कोई भी फैसला फ्रेंचाइजी की प्लानिंग पर असर डाल सकता है, खासकर खिलाड़ियों को रिटेन करने के मामले में।

# मनोरंजन

# 'मुझे उल्लू बनाया गया', 'धमाल 4' पर संजीदा शेख ने किए खुलासे



'धमाल 4' में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी जैसे सितारे फिर नजर आए। साथ ही इस बार कुछ नए चेहरे भी जुड़े, जिनमें एक्ट्रेस संजीदा शेख भी शामिल थीं। फिल्म में संजीदा ने एक्शन और कॉमेडी दोनों किया। हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में उन्होंने बताया कि उन्हें यह रोल कैसे मिला और शूटिंग का अनुभव कैसा रहा।

**'सीरियस एक्ट्रेस' टैग पर क्या बोलीं संजीदा?**

'धमाल 4' से पहले संजीदा ने कॉमेडी में ज्यादा काम नहीं किया था। इससे पहले वह संजय लीला भंसाली की सीरियस पीरियड ड्रामा 'हीरामंडी' में नजर आई थीं। इसके बाद उन्हें 'सीरियस एक्ट्रेस' का टैग मिलने लगा।

संजीदा ने कहा, ''मुझे 'धमाल 4' इसलिए मिली क्योंकि इंद्र सर ने मुझे 'हीरामंडी' देखने के बाद बुलाया। उनका पहला सवाल था, 'आप तो बहुत सीरियस एक्ट्रेस हैं,' क्योंकि हीरामंडी काफी सीरियस थी।''

संजीदा ने बताया कि उन्होंने डायरेक्टर से कहा कि उन्हें मौका दिया जाए ताकि वह दिखा सकें कि वह कितनी फनी हैं। ''मैं उनके साथ बैठी और उन्होंने मुझे हंसते हुए सुना- मैं थोड़ा अलग तरीके से हंसती हूं तो उन्होंने कहा, 'ठीक है।' और मेरी कास्टिंग हो गई।''

**कॉमेडी के साथ किया एक्शन**

'धमाल 4' में संजीदा का किरदार जितनी कॉमेडी करता है, उतना ही एक्शन भी करता है। कई सीन में वह बड़े एक्शन स्टार्स के साथ एक्शन करती नजर आईं।

उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, ''मेरे हर सीन में एक्शन था। मुझे उल्लू बनाया गया। मुझे कहा गया था कि कॉमेडी करनी है, लेकिन मुझसे एक्शन करवा लिया गया।''

संजीदा ने बताया कि सेट पर यह बात मजाक बन गई थी कि जहां अजय देवगन जैसे बड़े एक्शन स्टार मौजूद हैं, वहां उनसे एक्शन सीन करवाए जा रहे थे। उन्होंने कहा, ''मैं सच बोल रही हूं, अजय देवगन सेट पर थे और मुझसे सारे एक्शन सीन कराए जा रहे थे। यह सेट पर मजाक बन गया था।''

# साइंस फिक्शन फिल्म 'ब्लूफ्लाई' में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा जोनस और ऑस्कर विजेता अभिनेता, निर्देशक रसेल क्रो एक साथ फिल्म 'ब्लूफ्लाई' में नजर आएंगे। यह एक साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म को हॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'प्रिडेटर्स' डायरेक्टर निम्रोद एंटल निर्देशित करेंगे।

**कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग?**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'ब्लूफ्लाई' इस फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में की जाएगी। 'डेडलाइन' के मुताबिक इस फिल्म से लिया बुमन, गाइ डेविस, रूथएन फ्रिगेरियो, ब्रायन कवानाघ जोंस, जेसन क्रिंगस्टीन, केटी लीरी, स्कॉट लेवेंसन और जेम्स नॉरबरी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़े हैं।

**क्या है फिल्म की कहानी?**

इस फिल्म की कहानी कांगो में रहने वाली एक यूएन ट्रांसलेटर की है। वह एक क्रैश प्लेन को खोजने के सीक्रेट मिशन पर है। इस मिशन में उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। आखिर में जब फिल्म की लीड कैरेक्टर विमान के करीब पहुंचती है तो उसे अहसास होता है कि इस प्लेन को कभी वापस नहीं लाना चाहिए था।

**इन फिल्मों में नजर आएंगी प्रियंका**

प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड के अलावा भारतीय फिल्में भी कर रही हैं। वह आठ साल बाद एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आएंगी। इस फिल्म में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आएंगे। फिल्म में पौराणिक कहानियों और साइंस फिक्शन का मिश्रण देखने को मिलेगा। इसके अलावा प्रियंका का नाम बॉन्ड गर्ल के तौर पर चुने जाने के लिए भी सामने आ रहा है।

# हॉट अवतार में दिखीं 'द केरल स्टोरी 2' की यह एक्ट्रेस, बोल्ड शूट देख भड़के यूजर्स

एक्ट्रेस उल्का गुप्ता अपनी एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। उल्का काफी समय से सिनेमा से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कई प्रोजेक्ट्स में काम किया है। अब उन्होंने कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिसके बाद फैंस काफी नाराज नजर आ रहे हैं।

उल्का गुप्ता ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरों की पोस्ट शेयर की, जिसमें वो काफी शानदार दिख रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा- ''मिट्टी जैसे रंगों में सजी, हर एक अंदाज को अपनाते हुए।''



पोस्ट में उल्का ब्राउन कलर की ड्रेस में पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस काफी बोल्ड लुक में अदाएं बिखेरती नजर आ रही हैं। अब जहां एक तरफ कई फैंस उनके इस लुक की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग उनके इस फोटोशूट पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया- ''मेरी फेवरेट थी, पर अब नहीं।'' वहीं दूसरे ने लिखा- ''आपका ट्रेडिशनल में पिछला लुक ज्यादा अच्छा था।'' वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा- ''आप इस तरह के शूट क्यों करवाती हैं।'' इनके अलावा कई लोगों ने उनके लुक की तारीफ भी की।

# डा. विजय पाल सिंह ने आर्थोपैडिक्स सर्जरी में गढ़े हैं नए आयाम

**20 साल पहले आगरा में सबसे पहले दोनों घुटनों का एक साथ किया था प्रत्यारोपण**

**दोनों कूल्हों का एक साथ प्रत्यारोपण करने वाले आगरा में पहले सर्जन**

**आदर्श डॉक्टर**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



आगरा और आसपास के मरीज जब घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण के लिए दिल्ली जाते थे, बीस साल पहले तब डा. विजय पाल सिंह ने आगरा में ही एक साथ दोनों घुटनों और दोनों कूल्हों के प्रत्यारोपण की शुरूआत कर दी थी। आगरा में आथोपैडिक्स सर्जरी में उन्होंने कई नए आयाम गढ़े हैं। सबसे बड़ी बात उनका मानवीय पहलू भी है। अपने मरीजों के बीच वे गरीबों के डाक्टर कहे जाते हैं।

जोड़ प्रत्यारोपण और हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. विजय पाल सिंह ने प्रोफेसर कालोनी, हरीपर्वत में 1995 में जेवीएम आथोपैडिक सेंटर खोला था। वे बताते हैं तब आगरा में घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण की सुविधा नहीं थी। लोग इलाज कराने के लिए दिल्ली और अन्य शहरों में जाते थे। दिल्ली से प्रशिक्षित डा. विजय पाल सिंह ने तब आगरा में जोड़ प्रत्यारोपण शुरू किया। तब एक साथ दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण नहीं हो पाता था लेकिन, उन्होंने अपने अनुभव से ये सर्जरी शुरू की। इसी तरह, एक साथ दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपण भी जोखिम भरा कार्य हुआ करता था।

उन्होंने इस सर्जरी की भी शुरूआत आगरा में की। खेलकूद में अक्सर कंधा उतर जाता है। वे कंधों की आर्थोस्कोपी करने वाले आगरा में पहले डाक्टर हैं। रीयमर इरिगेटर एसपिरेटर विधि से हडडी जोड़ने की तकनीक का प्रयोग करने वाले वे भारत के पांचवें और उत्तर भारत के पहले डाक्टर हैं। आगरा में ही एक मरीज की हड्डी को 8 इंच तक लंबा करने का दावा भी है।

### जोड़ प्रत्यारोपण के लिए व्यापक अनुभव की जरूरत

डा. विजय पाल सिंह कहते हैं कि जोड़ प्रत्यारोपण बहुत जटिल प्रक्रिया है। इस सर्जरी के लिए व्यापक अनुभव की जरुरत होती है। दो-चार के अनुभव पर ही स्वतंत्र रूप से ये सर्जरी करना जोखिम भरा होता है। घुटना प्रत्यारोपण के बाद कुछ मरीजों को होने वाली दिक्कतों के बारे में उनका कहना था कि जहां जूनियर टीम सर्जरी करती है, वहां पर इस तरह की दिक्कतें आती हैं। बड़े शहरों में बड़े सेंटरों पर आमतौर पर ऐसा ही होता है। वरिष्ठ सर्जन तो सिर्फ गाइड करते हैं, जूनियर टीम पूरी देखभाल करती है। जबकि, इस सर्जरी में मरीज को पूरी तरह से आराम मिलने तक अनुभवी सर्जन की देखभाल जरूरी है। वो कहते हैं कि हमारे द्वारा 15-20 साल पहले किए गए जोड़ प्रत्यारोपण के मरीज आज भी बगैर किसी दिक्कत के चल-फिर रहे हैं। उनके पास तमाम मरीज पूर्व मरीजों के जरिए आते हैं।

### मरीज की आर्थिक स्थिति का भी रखते हैं पूरा ध्यान

डा. विजय पाल सिंह कहते हैं कि अन्य चिकित्सा की तरह जोडृ प्रत्यारोपण भी आज के दौर में बहुत महंगा है। बड़े शहरों में बड़े सेंटरों पर इसकी कोई सीमा नहीं होती।लेकिन, हम मरीज की आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखते हैं। आर्थिक कारणों से किसी मरीज का जोडृ प्रत्यारोपण करने से इंकार नहीं करते हैं। अब तक आयुष्मान योजना से मरीजों को काफी सहूलियत होने लगी है।

### अस्पताल चल निकला तो रख लिए महंगे सर्जन

डा. विजय पाल सिंह को शहर के एक अस्पताल ने अपने शैशवास्था में कई साल पहले बुलाया था। उनके पहुंचने के बाद जोड़ प्रत्यारोपण के मरीज आने लगे। पूरा वार्ड फुल रहने लगा। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने महंगे सर्जन को अपने यहां अनुबंधित कर लिया। इसके अलावा, इस अस्पताल के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अभी उनका नाम दर्ज है। डा. विजय पाल कहते हैं कि उनके नाम से मरीज इसी अस्पताल में आ जाते हैं। उनकी गैरमौजूदगी देख कुछ मरीज वहां से चले आते हैं। इतना ही नहीं, बकौल डा. विजय पाल सिंह, उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से कई बार ऑनलाइन प्लेटफार्म से उनका नाम हटाने को कहा लेकिन, अब तक नाम नहीं हटाया गया है।